(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)

हिन्दी दैनिक

बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

मेरा काम है, मैं अपनी ...8

बुधवार, 25 अगस्त 2021 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 08 अंकः 249 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

सीएम योगी अक्टूबर में इस शहर को देंगे सिटी बस का तोहफा, इलेक्ट्रिक बसों का चल रहा ट्रायल

गोरखपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्मार्ट सिटी गोरखपुर को अक्तूबर में सिटी बस सेवा का तोहफा देंगे। लखनऊ में इलेक्ट्रिक बसों का चल रहा ट्रायल रन अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। सितम्बर माह से इलेक्ट्रिक बसों का आगमन शुरू हो जाएगा। अक्तूबर में सीएम योगी आदित्यनाथ के हरी झंड़ी दिखाए जाने के बाद इनका संचालन शुरू हो जाएगा। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से सड़क पर डीजल और पेट्रोल से चलने वाले वाहनों का दबाव जहां कम होगा, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण पर नियंत्रण लगाने में भी मदद मिलेगी।

बसों की आपूर्ति करने वाली फर्म के अधिकारी गुरुवार तक गोरखपुर आ यहां की तैयारियां

जाचेंगे। सोमवार को अपर मुख्य सचिव ने इलेक्ट्रिक बसों के संचालन, चार्जिंग स्टेशन के निर्माण तथा विद्युत कनेक्शन को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा भी की। सभी जरूरी तैयारियां जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से शहर में 25 इलेक्ट्रिक बसें संचालित करने की घोषणा की थी। नगरीय परिवहन प्रणाली के तहत शासन ने बसों के संचालन की मंजूरी प्रदान कर नगर निगम प्रशासन के तय रूट भी स्वीकृत कर चुका है। इसी माह तैयार हो जाएगा महेसरा का चार्जिंग स्टेशनः महेसरा में चार्जिंग स्टेशन निर्मित किया जा रहा है। उम्मीद है कि इसी माह के आखिर तक 6246 वर्ग मीटर एरिया में 11.43 करोड़ रुपये की लागत से चार्जिंग स्टेशन का निर्माण पूर्ण हो जाएगा। यहां 5. 59 करोड़ रुपए खर्च कर बिजली का कनेक्शन भी लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रूट नंबर एक रानीडीहा तिराहा, एमएमएमयूटी, कूड़ाघाट, गुरुंग तिराहा, आरकेबीके, मोहद्दीपुर चौराहा, विश्वविद्यालय चौराहा, रोडवेज बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, यातायात तिराहा, काली मंदिर, पटेल चौराहा, धर्मशाला फ्लाईओवर, असुरन चौक, एचएन सिंह चौराहा, राप्तीनगर चौराहा, खजांची चौराहा, मुगलहा पेट्रोल पंप, मेडिकल कलेज, झुंगिया गेट, झुंगिया चौराहा तक।

रूट नंबर दोः नौसड़, खजनी रोड, ट्रांसपोर्ट नगर पुलिस चौकी, महेवा मंडी, रुस्तमपुर, दाउदपुर, पैडलेगंज, छात्रसंघ चौराहा, विश्वविद्यालय चौराहा, रोडवेज बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, यातायात तिराहा, धर्मशाला बाजार चौराहा, तरंग क्रासिंग, गोरखनाथ फ्लाईओवर, गोरखनाथ थाना, गोरखनाथ चिकित्सालय, इंडस्ट्रियल स्टेट रोड, बरगदवा तिराहा, महेसरा डिपो तक।

बोले जिम्मेदारः लखनऊ में इलेक्ट्रिक बसों का ट्रायल लगभग पूरा हो गया है। सितम्बर के 25 बसों के आने की पूरी संभावना है। दो से तीन दिन में बसों की आपूर्ति करने वाली फर्म के अधिकारी भी आएंगे।

अफगानिस्तान से वतन वापसी के लिए 24 घंटे काम कर रही है ये स्पेशल टीम!

अफगानिस्तान के लोगों को 15 अगस्त एक काले रात की तरह हमेशा याद रहेगी जब तालिबानियों ने राजधानी काबुल पर अपना कब्जा किया। अपनी आजादी के लिए अब लोग अफगानिस्तान को छोड़कर दुसरे देश

बसने की फिराक में जुट गए है। काबुल एयरपोर्ट पर लोगों की भीड़ यह साफ दर्शाती है कि तालिबानियों का डर कितना ज्यादा बना हुआ है। महिलाएं और बच्चें अपनी जिंदगी के लिए इधर से उधर भाग रहे है, परिवार अपनी जिंदगी की कमाई की पुंजी को छोड़कर बस अपने देश को छोड़ देना चाहते है। इस बीच अफगानिस्तान में फंसे कई भारतीयों को निकालने में विदेश मंत्रालय की एक टीम 24 घंटे काम में लगी हुई है।

इस चुनौतीपूर्ण समय में भारत की एक स्पेशल टीम वहां के लोगों के लिए एक बड़ा सहारा बनकर पेश हो रही है। हिंदी अखबार छठज में छपी एक खबर के मुताबिक, यह टीम वहां के लोगों के कॉल और मेसेज का जवाब दे रही है। यह टीम 16 अगस्त को विदेश मंत्रालय द्वारा तैयार की गई है। इसमें 20 अधिकारी शामिल है और हर दिन यह अधिकारी शिफ्ट में काम कर रहे है। अफगानिस्तान से मदद मांगने वाली कॉल, मेसेज और ई–मेल के सवाल और जवाब के लिए 6–7 अधिकारी है जो उनकी मदद कर रहे है। आपक बता दें कि भारत सरकार को 2 सालों में दूसरी बार ऐसी टीम बनानी पड़ रही है। इससे पहले वंदे भारत मिशन के लिए केन्द्र सरकार को टीम गठित करनी पड़ी थी। इस टीम को पहले कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच विदेश में फंसे लोगों को वपास भारत लाने में मदद की थी। अभी भी अफगानिस्तान में फंसे है 400 भारतीय : अनुमान लगाया जा रहा है कि अफगानिस्तान में अभी भी 400 भारतीय फंसे हुए है। स्पेशल टीम वापस आ रहे भारतीयो का डेटा तैयार करती है और उनके आवशयक दस्तावेज को तैयार कर एप्लिकेशन को आगे बढ़ाती है। इसकी जानकारी काबुल में पहुंचे भारतीय विमाल को पहुंचाई जाती है। रिपोर्ट के सूत्रों के मुताबिक, अब तक 2000 से ज्यादा कॉल आ गए है और 6000 वॉट्सएप कॉल के जवाब दिए गए है वहीं 1200 से अधिक ई–मेल के जवाब दिए जा चुके है। स्पेशल टीम काबुल एयरपोर्ट पर तैनात अधिकारियों के साथ एयरलिफ्ट ऑपरेशन को लेकर साझेदारी करती है।

उद्धव ठाकरे पर कथित टिप्पणी करने वाले नारायण राणे को पुलिस ने हिरासत में लिया

मुंबई। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को थप्पड़ मारने संबंधी कथित बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री नारायण राणे को हिरासत में ले लिया गया है। आपको बता दें कि केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के खिलाफ 4 एफआईआर दर्ज हुई।

जिसके बाद रत्नागिरी पुलिस ने उन्हें चिपुलिन से हिरासत में लिया है। वहीं, दूसरी तरफ नारायण राणे के वकील ने एफआईआर को रद्द कराने के लिए बंबई हाई कोर्ट का रुख किया है। क्या है पूरा मामला ? : नारायण राणे ने रायगढ़ जिले में सोमवार को जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान कहा था कि यह शर्मनाक है कि मुख्यमंत्री को यह नहीं पता कि आजादी को कितने साल हुए हैं। भाषण के दौरान वह पीछे मुड़ कर इस बारे में पूछते नजर आए थे। अगर मैं वहां होता तो उन्हें एक जोरदार थप्पड़ मारता। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रह चुके नारायण राणे पहले शिवसेना में थे, जो बाद में कांग्रेस में और फिर साल 2019 में भाजपा में शामिल हो गए।

अफगानिस्तान के हालात को लेकर पीएम मोदी और रूस के राष्ट्रपति पुतिन के बीच हुई फोन पर बात

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रूस के

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात कर अफगानिस्तान के ताजा हालात के साथ–साथ दोनों देशों (भारत–रूस) के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, ''अफगानिस्तान के ताजा हालात पर मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन से विचारों का उपयोगी और विस्तृत आदान प्रदान हुआ। हम लोगों ने कोविड–19 के खिलाफ भारत–रूस सहयोग सहित द्विपक्षीय एजेंडे से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। महत्वपूर्ण मुद्दों पर घनिष्ट विमर्श जारी रखने पर दोनों सहमत हुए।'' ज्ञात हो कि पिछले दिनों तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद वहां अफरातफरी का माहौल है। भारत और अमेरिका सहित कई देश वहां से अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए अभियान चला रहे हैं।

राहुल की चौखट पर पहुंचा छत्तीसगढ़ कांग्रेस का घमासान, सुलह की कोशिशों के बीच 3 घंटे तक चली बैठक

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव के साथ बैठक कर दोनों के बीच सुलह

का प्रयास किया। सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक करीब तीन घंटे तक चली। बैठक के बाद कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया ने इस बात से इनकार किया कि इस बैठक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी संभागों के विकास पर चर्चा हुई। हालांकि सूत्रों का कहना है कि यह बैठक दोनों नेताओं के बीच सुलह की कोशिश के तहत बुलाई गई थी और मुख्य रूप से इसी पर केंद्रित भी थी।

बैठक के दौरान कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और पुनिया भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में दिसंबर, 2018 में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद से मुख्यमंत्री बघेल और स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव के बीच रिश्ते सहज नहीं रहे। सिंहदेव के समर्थकों का कहना है कि ढाई–ढाई साल के लिए मुख्यमंत्री को लेकर सहमति बनी थी और ऐसे में अब सिंहदेव को मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए, हालांकि कांग्रेस आलाकमान ने बघेल को मुख्यमंत्री पद से हटाने का कोई संकेत नहीं दिया है। पिछले दिनों बघेल गुट और सिंहदेव गुट के बीच मतभेद उस वक्त और बढ़ गये जब कांग्रेस विधायक बृहस्पति सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव पर आरोप लगाया था कि वह उनकी हत्या करवाकर मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। बृहस्पति सिंह को मुख्यमंत्री बघेल का करीबी माना जाता है।

सरदार सरोवर डैम बांध से रिस रहा है पानी , नर्मदा का जल स्तर खतरे में- मेधा पाटकर

भोपाल। नर्मदा बचाओ आंदोलन का नेतृत्व करने वाली मेधा पाटकर ने दावा किया है कि सरदार सरोवर डैम से पानी का रिसाव हो रहा है। मेधा पाटकर ने यह बात डैम सेफ्टी पैनल की रिपोर्ट के हवाले से कही है। उन्होंने ये भी कहा कि ये डैम की सुरक्षा के लिए खतरा है। और उसके साथ ही मध्यप्रदेश समेत 7 राज्यों के लिए बड़ी चुनौती है। यह निर्माण में भ्रष्टाचार को उजागर करता है। जहां नहर नहीं बनाई जानी थी, वहां गुजरात में बनाई गई। जिसका मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र ने विरोध किया था। नहर बनने से वहां ज्यादा पानी की बर्बादी हुई है। उन्होंने कहा कि आज माँ

नर्मदा सूखी पड़ी है। बड़वानी और आसपास के गांवों के लोगों को पीने के पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। आगे जानकारी देते हुए कहा कि 24 अगस्त को नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण की बैठक होने वाली है। इसमें गुजरात ने प्रस्ताव रखा है कि सरदार सरोवर की दीवार से बड़े पैमाने पर पानी रिसने के कारण बांध का पानी कम किया जाए। यदि प्रस्ताव को मंजूरी मिली, तो गुजरात नहरों का संचालन शुरू कर देगा। इससे मध्य प्रदेश में नर्मदा के जलस्तर पर बुरा असर पड़ेगा। मेधा पाटकर ने कहा कि बांध बनाने का उद्देश्य अब तक पूरा नहीं हो सका। प्रदेश को पुनर्वास और बिजली उत्पादन का फायदा नहीं मिल रहा है। वहीं नर्मदा बचाओ आंदोलन से जुड़े देवी सिंह पटेल ने कहा कि हम 36 साल से जो आशंका जता रहे थे, वह सच साबित हो रही है। कई जगह नर्मदा का प्रवाह बुरी तरह प्रभावित हुआ है। अब सवाल नर्मदा के अस्तित्व को बचाने का है।

एमपी सरकार शुरू करेगी युवा साहित्य केंद्र , कांग्रेस ने कहा –आरएसएस का एजेंडा फैलाने की कोशिश में जुटी है सरकार

भोपाल। मध्य प्रदेश में सरकार साहित्यकार तैयार करने में जुट गई है। सरकार सभी 52 जिलों में युवा साहित्य केंद्र खोलने जा रही है। इन केन्द्रों में युवाओं को साहित्य लेखन की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके साथ ही इन युवा साहित्यकारों को वरिष्ठ साहित्यकारों साहित्य लेखन की ट्रेनिंग देंगे। आपको बता दें कि साहित्य अकादमी के डायरेक्टर डॉ विकास दवे ने कहा कि स्वतंत्र समर के 75 साल पूरे होने पर नवाचार कर रहे हैं। वरिष्ठ रचनाकार और नवोदित रचनाकारों के बीच सेतु का काम कर रहे है। वहीं रचनाकारों के माध्यम से देश के नाम जीने

वालों की पीढ़ी तैयार करना उद्देश्य है। इस मामले में कांग्रेस ने सरकार पर आरएसएस के एजेंडे पर काम करने का आरोप लगाया। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार शिक्षा और साहित्य का भगवाकरण कर रही है। नरेन्द्र सलूजा ने कहा कि इतिहास को अपने हिसाब से बनाएंगे। आरएसएस के एजेंडे के अनुसार चलाएंगे। आजादी की लड़ाई में इनका कोई योगदान नहीं है। अंग्रेजों की मुखबिरी करने वाले लोग हैं। बारीकी के नाम पर शिक्षा और साहित्य का भगवाकरण करेंगे। इस मुद्दे पर पलटवार करते हुए बीजेपी प्रवक्ता रजनीश अग्रवाल ने सरकार के इस कदम का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वामपंथियों की चाटुकारिता पर चलती है। इतिहास साहित्य नहीं होता है। साहित्य इतिहास नहीं होता है। किराए की बुद्धि वाली कांग्रेस को इसकी समझ नहीं है।

नारायण राणे के खिलाफ शिवसैनिकों का विरोध प्रदर्शन, नासिक में भाजपा दफ्तर पर हुआ पथराव

मुंबई। केन्द्रीय मंत्री नारायण राणे के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को थप्पड़ मारने संबंधी कथित बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। जिसके बाद शिवसैनिकों ने नारायण राणे के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। मुंबई में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने नारायण राणे के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। इसी बीच शिवसेना और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। जिसके बाद पुलिस ने लाठियां चलाई। भाजपा दफ्तर पर हुआ पथरावः नारायण राणे के कथित बयान के बाद मामला गर्मा गया और कथित लोगों ने नासिक स्थित भाजपा कार्यालय में पथराव किया। शिवसैनिकों पर पथराव का आरोप लगा है। वहीं शिवसैनिकों ने मुंबई में

नारायण राणे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और गिरफ्तारी की मांग की। नारायण राणे के खिलाफ **FIR** दर्जः उद्धव ठाकरे को थप्पड़ मारने संबंधी कथित बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के खिलाफ 4 एफआईआर दर्ज हुई है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक पुणे के चतुरशृंगी पुलिस स्टेशन में युवा सेना की शिकायत के बाद आईपीसी की धारा 153 और 505 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। नारायण राणे ने क्या कुछ कहा ?: केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने कहा कि मुझे इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मैंने कोई अपराध नहीं किया है। 15 अगस्त के बारे में कोई नहीं जानता तो क्या यह अपराध नहीं है? मैंने कहा था कि मैं थप्पड़ मार देता और यह अपराध नहीं है। नारायण राणे ने रायगढ़ जिले में सोमवार को जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान कहा था कि यह शर्मनाक है कि मुख्यमंत्री को यह नहीं पता कि आजादी को कितने साल हुए हैं। भाषण के दौरान वह पीछे मुड़ कर इस बारे में पूछते नजर आए थे। अगर मैं वहां होता तो उन्हें एक जोरदार थप्पड़ मारता। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रह चुके नारायण राणे पहले शिवसेना में थे, जो बाद में कांग्रेस में और फिर साल 2019 में भाजपा में शामिल हो गए।

लापरवाह जिम्मेदारों के चलते,रेफर सेंटर बनकर रह गया है, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

इटियाथोक,गोंडा।कस्बा इटियाथोक से सटे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महज रेफर सेंटर बनकर रह गया है।अस्पताल में न तो कोई विशेषज्ञ है और न ही अन्य सुविधाएं हैं।ऐसे में लोगों को उपचार के लिए 20 किलोमीटर दूर स्थित जिला चिकित्सालय जाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।इस समय मौसम के बदलाव के चलते बुखार–खांसी के मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।ऐसे में स्टाफ की कमी और सुविधाओं के अभाव में मरीजों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।अस्पतालों की दशा सुधारने के लिए सरकार भले ही दावे कर रही हो, लेकिन स्थिति उससे एक दम उलटा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इटियाथोक पर लापरवाह जिम्मेदारों के कारण सुविधाओं का टोटा है।स्टाफ की कमी के चलते मरीजों को सही से उपचार नहीं मिल पा रही है। अस्पताल में रोजाना सैकड़ों मरीज पहुंच रहे हैं। ऐसे में स्टाफ की कमी के चलते गंभीर बीमारी वाले मरीजों को अस्पताल से रेफर कर दिया जाता है।अस्पताल में हड्डी रोग, बाल रोग, स्त्री रोग आदि के विशेषज्ञ नहीं हैं। एक्सरे टेक्नीशियन के रूप में हरिओम यादव की तैनाती तो है, लेकिन अस्पताल में एक्सरे मशीन नहीं है। ऐसे में इन रोगों से ग्रस्त मरीजों को उपचार के लिए गोंडा, लखनऊ आदि शहरों की तरफ रुख करना पड़ता है। इसके अलावा सफाईकर्मी की कमी के चलते अस्पताल में सफाई व्यवस्था भी लचर है। अस्पताल में जगह–जगह जलभराव व दुर्गंध की भरमार है। वहीं विभाग के कुछ कर्मचारियों ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया,कि लगभग तीन माह से अस्पताल में पीने के पानी की भारी किल्लत है। अस्पताल के कर्मचारियों सहित मरीज व उनके साथ आए तीमारदार बूंद–बूंद पानी को तरस रहे हैं। पूरा अस्पताल एक नल के सहारे प्यास बुझा रहा है।स्थानीय लोगों ने बताया कि रात में चिकित्सा प्रभारी अस्पताल में नहीं रहते। सुविधाओं के अभाव में लोगों को प्राइवेट चिकित्सकों से इलाज करवाना पड़ता है।

मुकदमा न लिखे जाने पर नाराज सफाई कर्मचारियों ने थाने पर किया धरना प्रदर्शन

गोंडा। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में जनपद के सफाई कर्मचारियों ने वजीरगंज थाने वह डुमरिया डीह पुलिस चौकी पर घेराव कर प्रदर्शन किया 2 दिन पहले वजीरगंज ब्लॉक के अंतर्गत मझगवां में तैनात सफाई कर्मचारी तिलकराम को गांव के दो व्यक्तियों के द्वारा मारा पीटा गया व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए भद्दी भद्दी गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी उपरोक्त घटना को लेकर संघ के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सनी राम व तिलकराम थाने पर पहुंचकर घटना की तहरीर दिया पुनः उपरोक्त प्रकरण पुलिस चौकी पर भी अवगत कराया गया जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई आज जिला संगठन के द्वारा थाने पर पहुंचकर वार्ता की गई जिस पर पुलिस चौकी पर वार्ता करने के लिए कहा गया पुलिस चौकी पर वार्ता करने के बाद थाना वजीरगंज के द्वारा क्षेत्राधिकारी तरबगंज का नाम लेकर कहा कि जब तक वह नहीं कहेंगे तब तक मुकदमा नहीं लिखा जाएगा उपरोक्त प्रकरण को लेकर संगठन में काफी नाराजगी है और जनपद के जनपद के पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अगर कल तक मुकदमा पंजीकृत नहीं हो जाता है तो 25 अगस्त को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर समस्त कर्मचारी पहुंचकर प्रकरण को अवगत कराते हुए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे इस मौके पर संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी महामंत्री शिवराम शुक्ला कोषाध्यक्ष नींबू लाल गौतम पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सनी राम कनौजिया पूर्व जिला उपाध्यक्ष विक्रमाजीत सिंह अच्युतानंद शुक्ला दिनेश राम सजीवन तिवारी दर्शन यादव पवन भारती सलीम अतुल तिवारी अरुण चौबे राहुल मिश्रा नंदकिशोर आर्य प्रयाग दत्त रमेश विजय कुमार गुरु प्रसाद भारती शिवेंद्र प्रजापति नरपत सिंह संतोष सिंह आज सैकड़ों कर्मचारियों ने थाना पर प्रदर्शन किया।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

गोण्डा। छपिया थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।बस्ती जनपद के गौर थाना क्षेत्र के उनिया गांव के निवासी परस राम यादव का 17 वर्षीय पुत्र सूरज बाइक से गोण्डा अपने मामा के यहाँ छपिया थाना क्षेत्र के इटाइया गांव के निवासी राम विलास यादव के घर आया। रक्षाबंधन पर आया था। देर शाम को घर बाइक से ही लौट रहा था। छपिया मार्ग स्थित कर्मा पुर चौराहे के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया जिस से उस की मौके पर मौत हो गई।पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

ट्रक की टक्कर से आधा दर्जन घायल,भर्ती

गोण्डा। बलरामपुर गोण्डा मार्ग पर . शाम एक ट्रक की टक्कर से कार पलटी, आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां चार लोगों को गंभीर चोटें आई थी जिन्हें भर्ती किया गया है। बाकी लोगों को घर भेज दिया गया है। थाना इटियाथोक के ताड़ीपरसोहिया गांव के निवासी 60 वर्षीय इस्माइल पुत्र अकबर, 38 वर्षीय खलील अहमद पुत्र अब्दुल हफीज निवासी सुबेदार वीर पुरवा ,54 वर्षीय हलीम पुत्र खलील अहमद, 55 वर्षीय रशीदा पत्नी खलील सहित आधा दर्जन लोग कार में सवार होकर गोण्डा आये थे। वापस घर जा रहे थे। सामने से ट्रक ने टक्कर मार दिया। घायल अवस्था मे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बोलेरो गाड़ी ने बाइक सवार को मारी टक्कर, तीन घायल

गोण्डा। अयोध्या मार्ग स्थित पांडेय पुर बाजार के पास एके बाइक सवार को बोलेरो गाड़ी ने टक्कर मार दिया जिस में सवार दो महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इटियाथोक थाना क्षेत्र के तिररेमनोराम गांव के निवासी 50 वर्षीय माधुरी पत्नी मन्थे और 18 वर्षीय उस का पुत्र पंकज , 40 वर्षीय मन्थुरा पत्नी जयकरन निवासी ढड़वा कोतवाली देहात तीनो एक बाइक पर सवार होकर हरना टायर से घर के लिए लौट रहे थे। एक कार ने टक्कर मार दिया। तीनो घायल हो गए। इलाज हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दूध गर्म करते समय महिला जल कर हुई घायल

गोण्डा। उमरी बेगम गंज थाना क्षेत्र के दोहरी जोत गांव के निवासी मुंसी लाल की 35 वर्षीय पत्नी गीता देवी अपने पांच वर्षीय बच्चे के लिए चूल्हे पर दूध गर्म कर रही थी। अचानक जल कर घायल हो गई। इलाज के लिए उस को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अनियंत्रित बाइक सवार गिरा, पुल के नीचे

गोण्डा। एक बाइक पर सवार को तीन लोग गोण्डा आ रहे थे। अचानक बाइक अनियंत्रित होकर वजीर गंज थाना क्षेत्र के जमला पुर गांव के पास पुल के नीचे गिर गई। जिस में एक युवक घायल हो गया। बाकी दो युवकों को हल्की चोट आई। मनका पुर थाना क्षेत्र के मधई पुर गांव के निवासी 30 वर्षीय राम चरित्रर पुत्र गंगा राम और तुर्का डीह निवासी सोहन और विनोद तीनो एक बाइक पर सवार होकर गोण्डा की तरफ आ रहे थे। बाइक अचानक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गई। राम चरित्रर गम्भीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन भाजपा में शोक की लहर

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन का समाचार प्राप्त होते ही भाजपा में शोक की लहर दौड़ गयी। सांसद लल्लू सिंह इस दौरान अयोध्या में झांकियों का दर्शन व पूजन कर रहे थे। समाचार प्राप्त होते ही अपने सभी कार्यक्रमों को स्थगित करके वह लखनऊ को रवाना हो गये। इसके बाद वह अंतिम संस्कार में सम्मलित होने के लिए अलीगढ़ उनके गांव पहुंचे। विधायको में वेद प्रकाश गुप्ता, इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू, रामचन्दर यादव तथा सहकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह सहित अन्य बड़ी संख्या में लोग राजधानी पहुंचे तथा स्व कल्याण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित कियज्ञं सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन का समाचार प्राप्त होते ही मन स्मृतियों में अतीत के पन्नों को पलटने लगा। न जाने कितनी घटनाएं आखों में तैर उठी। मंत्रीमंडल में उर्जा विभाग की जिम्मेदारी सौंपते समय उन्होने कहा था कि लल्लू सिंह मेरा भरोसा आप पर है। महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि कल्याण सिंह जी का निधन सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए अपूर्णीय क्षति है। हम उनके द्वारा दिखाये गये रास्ते पर चलते हुए उनके सपनों को साकार करने का पूरा प्रयास करेंगे। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि उनके आदर्श व विचार हम लोगो के लिए पथ प्रदर्शक की भूमिका में रहेंगे। विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास को लेकर उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। विधायक रामचन्दर यादव ने कहा कि वह कुशल प्रशासक व आकर्षक व्यक्तित्व के स्वामी थे। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि अयोध्या से उनका काफी गहरा लगाव था। श्रद्धांजलि देने वालों में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य इन्द्रभान सिंह, अयोध्या मंडल के प्रभारी दिवाकर सिंह, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय सदस्य सुनील तिवारी शास्त्री, मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री हरीश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कोरी, आकाश मणि त्रिपाठी, देवेश तिवारी शामिल रहे।

रूदौली में स्व.कल्याण सिंह को दि गई श्रद्धांजलि

रूदौली–अयोध्या। उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम एवं पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह के निधन पर सोमवार को कामाख्या धाम गेस्ट हाउस सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति विधानसभा उ.प्र.के सभापति रूदौली विधायक रामचंद्र यादव ने स्व.कल्याण सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित किये।भारतीय राजनीति के पुरोधाओं में से एक स्वर्गीय कल्याण सिंह जी अब अपने अंतिम सफर पर निकल गए।भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह जी का लखनऊ के संजय गांधी पीजीआइ में निधन हो गया था।जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्थिव देह को लेकर लखनऊ से अलीगढ़ पहुचे थे जहाँ शाम को राजकीय सम्मान के साथ कल्याण सिंह जी की पार्थिव देह की अंत्येष्टि की गयी।भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय कल्याण हम सबके बीच नही है लेकिन उनके विचार उनकी भावनाएं और देशभक्ति का जज्बा हमेशा हम सबको मार्गदर्शन देगा।साथ ही कहा कि स्व.कल्याण सिंह जी को जब अवसर मिला तो शासन की धमक और इकबाल का परिचय देते हुए उन्होंने सनातन आस्था को मजबूती के साथ प्रस्तुत किया।उनको यह कहने में जरा भी हिचक नहीं हुई कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम के लिए वह सत्ता को एक बार नहीं, बार–बार ठोकर मार सकते हैं।पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी से प्रेरणा प्राप्त कर उन्होंने कार्यक्रम बनाएं,योजनाएं बनाईं और भयमुक्त दंगा मुक्त परिकल्पना को साकार किया। वर्तमान में भी उनके द्वारा किए गए कार्यों और प्रयासों से हम सभी को सीख प्राप्त हो रही है। उनके निधन से आज भाजपा परिवार के साथ साथ पूरा देश निःशब्द हो गया है।भारत के सांस्कृतिक उत्थान में कल्याण सिंह का काफी योगदान रहा है।श्रद्धांजलि सभा मे भाजपा नेता निर्मल शर्मा,संतोष मिश्रा,शीतला प्रसाद शुक्ल,पंकज यादव,अजय शुक्ला,मयंक पाठक,संतोष सिंह,माता बदल पांडेय,सुग्रीव दास जी,त्रिभवन यादव,सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

जनक्रांति यात्रा 31 को आयेगी अयोध्या

अयोध्या। जनवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय चौहान की जनक्रांति यात्रा 31 को जनपद में रहेगी । यात्रा की अगुआई कर रहे डॉ संजय सिंह चौहान का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया जाएगा ।समाजवादी पार्टी ने आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियां और तेज कर दी है। इसी क्रम में पार्टी ने आज विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर विधानसभा अध्यक्ष विधानसभा प्रभारी व ब्लॉक अध्यक्षों समेत पदाधिकारियों की एक अहम बैठक पार्टी कार्यालय पर आयोजित हुआ बैठक की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने किया बैठक में श्री यादव ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए अब सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर मैदान में उतर जाना चाहिए, इस बार समाजवादी पार्टी के पक्ष में लहर चल रही है और यह तय है कि अगले विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत की समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी ।उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने के लिए पार्टी ने तमाम रणनीतियां बनाई है, कार्यकर्ता व पदाधिकारी मिलकर इस बार विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का परचम लहराएंगे ।उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश की जनता ने इस बार समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने की ठान ली है कार्यकर्ताओं को चाहिए कि जनता की भावनाओं की कद्र करते हुए इस बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में अपना सहयोग करें। पार्टी के जिला महासचिव बख्तियार खान ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के पक्ष में इस बार लहर है और कार्यकर्ताओं ने अगर मेहनत से कार्य किया तो प्रदेश में सपा की सरकार जरूर बनेगी ।पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज बड़ी तादाद में कार्यकर्ताओं ने मौजूद रहकर आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए टिप्स लिए और यह संकल्प भी उठाया कि विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को सफलता मिले इसके लिए वे पूरी तरह से तैयार है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष बाबूराम गौड ईश्वर लाल वर्मा जगन्नाथ पाल राम सुंदर यादव प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव पूर्व प्रमुख राम अचल यादव शिक्षक सभा अध्यक्ष दान बहादुर सिंह यूथ प्रदेश सचिव मो सोहेल अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष गण केके पटेल छोटे लाल यादव शिव बरन यादव पप्पू सिया राम निषाद ब्लॉक अध्यक्ष गण बिंदेश्वर यादव रामचंद्र रावत विंध्याचल सिंह रेहान खान तरजीत गौड अजीत पटेल अजय वर्मा गौरव पांडे डॉ अनिल यादव अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष राम रूप कोरी विजय यादव पवन यादव घनश्याम यादव आदि लोग मौजूद रहे।

ब्रह्मा कुमारी आश्रम पर रक्षा बंधन का सम्पन्न हुआ त्यौहार

शिवदयालगंज (गोंडा)। कस्बे के ब्रह्मा कुमारी आश्रम पर रक्षा बंधन का त्यौहार सोशल डिस्टेंसिंग के साथ मनाया गया द्य इस मौके पर ब्रह्मा कुमारी बहनों नें नगर पालिका अध्यक्ष डा सत्येन्द्र सिंह तथा थाने के निरीक्षक अपराध सुखबीर सिंह भदौरिया को रक्षा सूत्र बांध कर इसका महत्व बताया द्य इस अवसर पर ब्रह्मा कुमारी बहन रेखा दीदी नें रक्षा बंधन के आध्यात्मिक रहस्य पर चर्चा करते हुए कहा कि यह रक्षा सूत्र मन, वचन, कर्म की पवित्रता तथा प्रतिज्ञा की सूचक है द्यउन्होंने कहा कि रक्षा बंधन का अर्थ होता है रक्षा के लिए बंधन द्य मनुष्यों को अपनी अंदर व्याप्त आसुरी शक्तियों से रक्षा करने के लिए मर्यादा के बंधन में बंधना द्य आसुरी शक्तियों से रक्षा करने तथा दैवीय शक्तियों का आहवान करना ही रक्षा बंधन का उद्देश्य है द्य हम परमात्मा के द्वारा दिए जा रहे पवित्रता के इस प्यारे बंधन को समझ कर अपने जीवन में उतारते हुए इसकी एक ऐसे समाज के स्थापना में मददगार बनें जहाँ सिर्फ पवित्र रिश्तों का साम्राज्य हो द्य इस दृष्टिकोण से रक्षा बंधन का त्यौहार मनाने की आवश्यकता है द्य यही ईश्वरीय संदेश है और भाई–बहन का त्यौहार रक्षा बंधन भी द्य इस अवसर पर प्रधान नवाबगंज गिर्द संजय दूबे, प्रधान जैतपुर रवि सिंह, प्रधान खड़ौवा अखिलेश तिवारी, विवेक पांडेय, अनूप सिंह सहित नगर व क्षेत्र के तमाम लोगों नें आश्रम पर पहुँच कर रक्षा सूत्र बंधवाया।

सिंचाई व जल संसाधन विभाग के कार्यों का हुआ मूल्यांकन सर्वेक्षण

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सौंपे गए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के कराए गए कार्यों का मूल्यांकन एवं सर्वेक्षण कराए जाने के दायित्व के क्रम में विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशक डॉ ए पी राव के निर्देशन में डॉ आर आर सिंह, प्रोफेसर मृदा विज्ञान तथा उनके सहयोगी इंजीनियर ए के पांडेय सह प्राध्यापक की एक टीम गठित कर आई डब्ल्यू यम पी परियोजना के अंतर्गत स्वीकृत 10 जनपद गोरखपुर, महाराजगंज बस्ती संतकबीरनगर सिद्धार्थ नगर, कुशीनगर, देवरिया ,बलरामपुर, श्रावस्ती एवं बहराइच में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा कराए गए कार्यों इंट्री प्वाइंट एक्टिविटी (आईपीएल) के अंतर्गत् जैसे बाउंड्रीवाल, हैंडपंप प्लेटफार्म, किसान विकास मंच, पक्की गछ गूल, हैंड पंप, वाटर रिचार्ज पिट, खड़ंजा निर्माण तथा कूप मरम्मत आदि का कार्य एवं वाटर शेड विकास कार्य मद के अंतर्गत मृदा एवं नमी संरक्षण हेतु निर्मित संरचनाएं, सतही भूमि जल संरक्षण हेतु निर्मित संरचनाओं के साथ आजीविका उन्नयन अंतर्गत् विभिन्न रोजगार परक क्रियाकलापों का अवलोकन एवं मूल्यांकन हेतु 10 जनपदों का सर्वेक्षण किए जाने के लिए भेजा गया था। कल दिनांक 22 अगस्त 2021 को अंतिम जनपद देवरिया का मूल्यांकन एवं सर्वेक्षण का कार्य कर पूरा कर लिया गया । मूल्यांकन एवं सर्वेक्षण टीम के डॉ आर आर सिंह ने बताया कि सर्वेक्षण कर लिया गया है ,शीघ्र ही रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी जाएगी, जिससे पुनः प्रदेश को नई योजनाएं प्राप्त हो सके । डॉ सिंह ने बताया कि ईपीए परियोजना के अंतर्गत् किए गए कार्यों का परिणाम रहा कि शुद्ध पेयजल, जल संरक्षण एवं जन सुविधाओं का विकास हुआ तथा वाटर सेड विकास कार्य मद के अंतर्गत भी मृदा एवं नमी संरक्षण कर रबी और खरीफ दोनों फसलों की खेती एवं चेक डैम में जल एकत्र कर समय–समय पर आवश्यकतानुसार जल का प्रयोग किया जा रहा है। रिपोर्ट में कुछ सुझाव भी दिए जा रहे हैं, जिससे कृषि से संबंधित रोजगार को बढ़ावा देकर उनके जीवन स्तर को बढ़ाने में सहयोग होगा

नगर को जाम की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने की बैठक

बहराइच। बहराइच शहरी क्षेत्र के विभिन्न मार्गों तथा चौराहों पर जाम की समस्या के निदान हेतु ई–रिक्शा, टैम्पो, पिकअप व कामर्शियल वाहनों का वनवेध डायवर्जन किये जाने एवं मार्ग के किनारे लगने वाले सब्जीध्फल के ठेलों को निर्धारित वेंडिंग जोन में शिफ्ट कराये जाने तथा पेयजल योजना के तहत कटी सड़कों के पुर्नस्थापना के स्थापना में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें सभी सम्बन्धित अधिकारी तथा व्यापार मण्डल के पदाधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने निर्देश दिया कि नगर क्षेत्र में जाम की समस्या के समाधान के लिए नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में थानों पर पाक्षिक बैठकें आयोजित की जायें। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अमृत जल योजना की पाइप लाइन डालने से क्षतिग्रस्त होने वाली सड़कों का तत्काल मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। डॉ. चन्द्र ने व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि नगर क्षेत्र को जाम की समस्या से निजात दिलाने में अपेक्षित सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सौरभ गंगवार आईएएस, नानपारा के राम आसरे वर्मा, मिहींपुरवा के ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, महसी के एस.एन. त्रिपाठी, कैसरगंज के महेश कुमार कैथल, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार दुबे, अधि.अभि. पी.डब्लू. डी. ए.के. वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।



बैगन में उभरा मिला राम, शुरू हुई पूजा अर्चना

अयोध्या। राम की नगरी अयोध्या के कण–कण में राम का ही घर है। जी हां कुछ ऐसा ही नजारा आज दिखाई पड़ा।

अयोध्या के ग्रामीण क्षेत्र बीकापुर तहसील के जाना बाजार पछियाना गांव में एक व्यक्ति ने अपने घर के पास बागवानी में कुछ सब्जी खेती कर रखी है, जिसमें एक पेड़ बैगन का भी है. बैगन में राम लिखा देखकर लोग अचरज कर रहे हैं. बागवानी करने वाले डॉ. राम प्रताप सिंह ने एक बैगन को तोड़कर अपने पूजा घर पर पूजा–अर्चना भी शुरू कर दी है, जबकि दूसरा बैगन अभी भी पेड़ में लगा हुआ हैं। मामला थाना हैदरगंज के जाना बाजार के पछियाना गांव का है. जहां पर डॉ. राम प्रताप सिंह अपने घर के पास में छोटी सी जमीन पर बागवानी कर रखी है, जिसमें और सब्जियों के अलावा बैगन के पौधे भी लगाए हैं. इसमें केवल दो बैगन के फल लगे थे. पहले एक पर राम का नाम देखकर लोग अचरज करने लगे और उसे तोड़कर पूजा स्थल पर रख दिया गया।

प्रेमी के संग जाने के लिये प्रेमिका ने काटा हाथ की नस

गोण्डा । पुलिस कस्टडी में 18 वर्षीय बालिका ने नस काटकर आत्महत्या का किया प्रयास सीएचसी मनकापुर में भर्ती डॉ रविश ने बताया कि जिला अस्पताल गोंडा रेफर किया गया है बाएं हाथ की नस काट ली है। लड़की का नाम संध्या भारती पिता का नाम कौशल भारती भवानी सिंह पुरवा अशरफपुर निवासी थाना कोतवाली मनकापुर का मामला बताया जा रहा है।164 के बयान के लिए महिला कांस्टेबल की अभिरक्षा में थी।सीएचसी के डाक्टर ने रेफर कर दिया है लेकिन पुलिस ने अभी जिला अस्पताल यह कह कर नही भेजा है कि गार्जियन घर से आ जाने के बाद भेजेंगे बालिका को 363,366 का मुकदमा कोतवाली मनकापुर में दर्ज है जिसके 164 बयान के लिए दो दिन पहले मनकापुर कोतवाली पुलिस ने कष्टडी मे ले रखा है।

चंद्रप्रकाश वर्मा अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष गोण्डा हुए मनोनीत

गोण्डा। जिले में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा कार्यकारिणी में परिवर्तन कर चन्द्रप्रकाश जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है।जिलाध्यक्ष ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए शिव प्रसाद वर्मा को महासचिव,ओमप्रकाश वर्मा,शालिक राम वर्मा,बंशराज वर्मा,रामदल वर्मा,राकेश वर्मा व एक अन्य को संरक्षक,रामदीन वर्मा उपाध्यक्ष,अशोक वर्मा,रामबाबू वर्मा,राम सिंह,राघव राम को जिला महासचिव,भाई लाल वर्मा को कोषाध्यक्ष,राम प्रसाद,पेशकार,राम भवन,राम विलास वर्मा को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। वहीं शालू पटेल को महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष मनोनीत कर मोर्चा की कार्यकारिणी शीघ्र गठन करने को कहा गया है।

बाल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

बाल अधिकारों को जानने की जरूरत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बाल अधिकारों को सुरक्षित रखने एवं बच्चो को उनके अधिकारों को दिलाने के उद्देश्य से मानव सेवा संस्थान द्वारा संचालित ग्राम स्तरीय बाल सुरक्षा समिति रघुनाथपुर, चिररीपुर, भैसहवा गांव की बैठक मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय भगमनिया में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते प्रधान प्रतिनिधि निसार अहमद ने कहा कि बच्चों के अधिकार के लिए संस्थान द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है, और उनके अधिकारों को दिलाने के है सम्भव ग्राम पंचायत प्रयासरत है, बैठक को संबोधित करते हुए केंद्र प्रभारी जय प्रकाश गुप्ता ने कहा कि समिति में शामिल सभी लोगो को बाल अधिकारों को जानने की जरूरत है, और हर बच्चे को उनका अधिकार दिलाने के लिए सकारात्मक पहल करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि बच्चों को शिक्षा, खेल, मनोरंजन, घूमने, पोषण, अभिव्यक्ति, स्वतंत्रता के साथ साथ गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार है। उन्होंने सबको संकल्प दिलाया कि खुद से बच्चो को उनका अधिकार दें और दूसरो को भी प्रेरित करें। बैठक में वालंटियर्स विजय सिंह चौधरी, कुशहार यादव, प्रमोद गुप्ता, शिक्षक अरुण कुमार सहित वी एल सी पी सी के सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे ।

स्वरक्षा कार्यक्रम आयोजित कर मानवतस्करी रोकने के लिए किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवां। नौतनवां क्षेत्र के ग्राम सभा मुड़िला में दिनांक 24–08–2021 को स्वरक्षा मानव तस्करी रोध कार्यक्रम के अन्तर्गत पंचायत प्रतिनिधियों के साथ ग्राम प्रधान श्री रामबेलास निषाद के नेतृत्व में बैठक दीपप्रज्जलन एस एस बी 66बी बाहिनी एस आई कृष्ण सिंह के द्वारा किया गया इसके उपरांत सुगम कर्ता कृष्ण कुमार जी के द्वारा बताया गया की मानव तस्करी रोकने हेतु , चर्चा करके बताया गया कि आप लोग दलाल से बचें क्योंकि वह नौकरी का लालच शादी का लालच देकर बेशया बृत्ती में चन्द पैसों के लालच में बेच देते है इसके उपरांत सरकारी टोल फ्री नम्बर चाइल्ड लाइन हेल्प लाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, आशा ज्योति केन्द्र 181 रेलवे तचि182, ब्ड हेल्पलाइन नंबर 1076 पर चर्चा करके बताया गया। इसके उपरांत पुलिस चौकी प्रभारी गौरव यादव जी के द्वारा बताया गया कि बाल विवाह, बाल श्रम पर रोक लगाया जाये। इसके उपरांत एस एस बी चणडीथान एस आई कृष्ण सिंह के द्वारा मिशन शक्ति जनजागरुक्ता के सम्बन्ध में उनके द्वारा चर्चा करके बताया गया इसके उपरांत ग्राम प्रधान रामबेलास के द्वारा दहेज प्रथा पर अंकुश लगाने हेतु चर्चा किया गया। कान्स्टेबल प्रियंका सिंह के द्वारा भ्रुण हत्या पर चर्चा किया गया जिसमे उपस्थित ग्राम प्रधान रामबेलास निषाद, चौकी प्रभारी छपवा नौतनवा गौरव यादव, एस आई चण्डीथान कृष्ण सिंह, हेण्ड कान्स्टेबल प्रियंका सिंह, सूजाता, पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुड़िला प्रधानाचार्य मीना चौधरी, पुर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति शाखा नौतनवा कृष्ण कुमार, सनील कुमार आदि लोग उपस्थित रहे ।

डुमरियागंज उपजिलाअधिकारी बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का भ्रमण किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज तहसील अंतर्गत ब्लाक भनवापुर के ग्राम परसोंहिया सदानंद मे उपजिलाअधिकारी डुमरियागंज त्रिभुवन जी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र मे आवश्यक सुरक्षा एवं प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु भ्रमण किया गया। जिसमें धर्म प्रकाश चौबे ,राजेंद्र और अजय के घरों का सत्यापन किया गया जिनका घर एवं झोपड़ी अतिवृष्टि एवं बाढ़ के कारण गिर गई। इन्हें अहेतुक सहायता देने के साथ मुख्यमंत्री आवास हेतु पात्र करते हुए लेखपाल को निर्देशित किया गया कि सभी 12 परिवार जिनकी झोपड़ी या घर गिर गए हैं उनका खाता सहित रिपोर्ट 24 घंटे के अंदर भेजें ताकि उन्हें तत्काल लाभान्वित किया जा सके। और बाढ़ग्रस्त गांव का निरीक्षण किया।

राष्ट्रपति कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का पूरा रखा जाए ख्यालः मुख्य सचिव

यातायात व्यवस्था देर तक ना किया जाए प्रभावित आम जनमानस को ना हो किसी प्रकार की दिक्कत

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। महामहिम राष्ट्रपति के 28 अगस्त को पिपरी भटहट में आयुष विश्वविद्यालय के शिलान्यास व सोनबरसा बाजार में श्री गुरु गोरक्षनाथ आयुर्वेद विश्वविद्यालय का उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति के कर कमलों द्वारा किया जाएगा राष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी ना रह जाए लखनऊ से लगाए गोरखपुर तक के आला अधिकारी दिन–रात एक कर राष्ट्रपति के कार्यक्रमों की तैयारियों में लगे हुए हैं आज लखनऊ से मुख्य सचिव आर के तिवारी व अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर गोरखपुर एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हाल में एडीजी जोन अखिल कुमार सीडीओ इंद्रजीत सिंह अपर आयुक्त अजय कांत सैनी पुलिस अधीक्षक अपराध डॉ महेंद्र पाल सिंह सीएमओ डॉ सुधाकर पांडेय आरटीओ अनिता सिंह सहित संबंधित अधिकारियों से कहा कि महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार व राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश के 28 अगस्त को गोरखपुर में शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम को सकुशल व्यवस्थित बनाने के लिए संबंधित अधिकारी लग जाए जो भी कमियां दिखाई दे रही हैं उसे दुरुस्त कर लिया जाए जैसे निमंत्रण पत्र व शिलान्यास और लोकार्पण शिलापट्ट पर सही तरीके से हिंदी और इंग्लिश में सही स्थानों पर नाम अंकित होना चाहिए कहीं किसी प्रकार की त्रुटि नहीं होना चाहिए इसका संबंधित अधिकारीगण पूरा ख्याल रखते हुए निमंत्रण पत्र व शिलापट्ट तैयार कराएं साथ में ही सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद रहना चाहिए महामहिम के आगमन और प्रस्थान के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कुछ क्षणों के लिए ही यातायात संचालन बाधित किया जाए जिससे आम जनमानस को किसी भी प्रकार का आवागमन में व्यवधान ना हो सके इसका संबंधित अधिकारीगण पूर्ण रुप से पालन करेंगे महामहिम का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित समय के अनुरूप निर्धारित है उसका ध्यान रखते हुए समय के 5 मिनट पहले व 5 मिनट बाद तक ही आम जनमानस को ध्यान में रखते हुए यातायात संचालन को प्रभावित किया जाए और सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाए यातायात प्रभावित के दौरान किसी भी हालत में किसी भी व्यक्ति को आने–जाने की इजाजत नहीं दी जाएगी इसका संबंधित अधिकारी पूर्ण रुप से पालन करायेगे।

फंदे से लटक कर 21 वर्षीय युवक की मौत,हत्या की आंशका

दैनिक बुद्ध का संदेश

बर्डपुर। कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के बरगदी गांव में मंगलवार दोपहर तीन बजे युवक ने फंदे से लटक कर जान दे दी। कमरे में छत के कुंडे से रस्सी के सहारे लटका शव मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।क्षेत्र के बरगदी गांव निवासी सोनू (21) पुत्र छोटेलाल मुंबई में रहकर काम करते थे। कुछ माह से वह घर पर ही रह रहे थे। बताया जा रहा है कि सोमवार को किसी घरेलू मामले से वह बहुत परेशान थे। मंगलवार को खाना खाने के बाद घर से निकले थे।उसके बाद दोपहर में घर लौटे। दोपहर तीन बजे के आसपास परिजनों ने कमरे में छत के कुंडे से रस्सी के सहारे सोनू का लटका शव देखा। फिर आसपास लोग मौके पर पहुंच गए। उसके बाद कपिलवस्तु थाने में सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसओ कपिलवस्तु महेश कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

चोरी की तीन बाइक के साथ दो युवक गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। बांसी कोतवाली की पुलिस ने मंगलवार को बाइक चोरों के आरोप में दो आरोपितों को पकड़ा। उनमें एक बाल अपचारी है। दोनों के कब्जे से चोरी की तीन बाइक और तमंचा बरामद किया गया।बांसी कोतवाली में प्रेस वार्ता के दौरान सीओ अरुण चंद्र ने बताया कि कोतवाल छत्रपाल सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस मंगलवार को गश्त में थी। उसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो लोग काले रंग की बिना नंबर की बाइक से डिड़ई की तरफ से आ रहे हैं और उनके पास अवैध असलहा है। कोतवाल छत्रपाल सिंह ने हमराहियों के साथ करही गांव के पास कुर्थिया मोड़ पर वाहन चेकिंग करने लगे। इसी बीच बाइक सवार दो व्यक्ति पहुंचे, जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया।पूछताछ करने और जामा तलाशी लेने पर बाल अपचारी के कब्जे से तमंचा, कारतूस, मोबाइल फोन बरामद हुआ। पूछताछ के बाद और उसकी निशानदेही पर चोरी की तीन बाइक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपित शुभम चौधरी निवासी ग्राम गयासाथ उर्फ बागडीह थाना सोनहा जनपद बस्ती और बाल अपचारी का चालान कर दिया। सीओ अरुण चंद्र ने बताया कि आरोपितों पर बस्ती, सिद्धार्थनगर और संतकबीर नगर जिले में कई मुकदमे दर्ज हैं।

रोटरी बस्ती ग्रेटर का विस्तार' कन्याओं के विवाह में दिया सहयोग

बस्ती । रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर द्वारा पड़ोसी कस्बा टाण्डा में सर्वधर्म सेवी धरमवीर सिंह बग्गा जो सामूहिक विवाह, प्रतिदिन दो वक्त लंगर गरीबों, असहाय लोगों की सेवा करते हैं ऐसे व्यक्तित्व को क्लब का सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर लंगर कार्यक्रम में सदस्यों द्वारा अपने हाथों सेवा भी की गई । ऐसे महान कार्य में क्लब सदस्यों द्वारा भरपूर मात्रा में खाद्यान्न समाग्री भी दी गई उपरोक्त विशेष अवसर क्लब के निर्वाचित अध्यक्ष चार्टर कोषाध्यक्ष रो.अच्युत अग्रवाल एडवोकेट के स्व माता जी के जन्मदिवस पर सामूहिक विवाह के कन्याओं हेतु 11 गैस चूल्हा प्रदान किया गयाऐसे महान व्यक्तित्व के कार्यो को देखते हुए क्लब ने रो.धरमवीर सिंह बग्गा को क्लब उपाध्यक्ष चार्ज इन (अम्बेडकर नगर) बनाया गया जिसमें रोटरी तथा बस्ती ग्रेटर का विस्तार सेवा क्षेत्र में हो सकें।इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रोटेरियने लक्ष्मीकांत पाण्डेय, सचिव मुनीरुदीन अहमद, कोषाध्यक्ष रो.अच्युत अग्रवाल, चार्टर उपाध्यक्ष रो.डा वी के वर्मा, रो.टी एस श्रीवास्तव,रो.विमल कुमार तुलस्यान,रो.प्रतिभा गोयल,रो.आंकाक्षा अग्रवाल,अशोक अग्रवाल एडवोकेट सहित टाण्डा के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।यह जानकारी क्लब के चार्टर अध्यक्ष और कार्यक्रम संयोजक रो.किशन कुमार गोयल दी। कहा कि ऐसे समाजिक कार्यों का कोई दायरा और सीमा नहीं होता है।

दुष्कर्म पीड़िता ने लगाया न्याय की गुहार

बस्ती। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के भरवलिया गांव में दलित युवती के साथ जबरिया सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस सम्बन्ध में पीड़िता ने परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाया है।पत्र में पीड़िता ने कहा है कि गत 19 अगस्त को गांव के ही एक युवकों एवं उसके साले ने घारी में जबरिया सामूहिक दुष्कर्म किया और शोर मचाने पर भाग गये। धमकी दिया कि यदि किसी को बताया, थाना पुलिस में गई तो अंजाम बुरा होगा। पीड़िता ने प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह पढी लिखी नहीं है और कप्तानगंज थाने पर एक चौकीदार ने उसकी तहरीर लिखा जिसमें दुष्कर्म के स्थान पर छेड़खानी लिख दिया। उसने मांग किया है कि सही धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोषियों के गिरफ्तारी करने के साथ ही उसके परिवार को सुरक्षा और न्याय दिलाया जाय।

ट्रेन की चपेट में आने से महिला की हुयी दर्दनाक मौत

बस्ती । आमा टिनिच स्थित रेलवे लाइन पार करते समय अचानक ट्रेन की चपेट में आने से पुष्पा पत्नी साधु मद्धेशिया की कटकर दर्दनाक मौत हो गई। मामला जिले के गौर थाने के टिनिच चौकी क्षेत्र के समय माता स्थल का है।अपने घर से दुकान लगाने के लिए महिला सामान लेकर जा रही थी। सूचना पाकर मौके पर प्रभारी निरीक्षक गौर संजय कुमार , चौकी इंचार्ज टिनिच योगेन्द्र कुमार ने शव का पंचनामा करके पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है ।

निम्नवत् किया जायेगा एक जोड़ी अनारक्षित दैनिक एक्सप्रेस विशेष गाड़ी का संचलन

गोरखपुर । रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 05163/05164 छपरा कचहरी–थावे–छपरा कचहरी के मध्य एक जोड़ी अनारक्षित दैनिक एक्सप्रेस विशेष गाड़ी का संचलन 01 सितम्बर, 2021 से अगले आदेश तक निम्नवत् किया जायेगा। कोविड–19 को ध्यान में रखकर इन विशेष गाड़ियों को एक्सप्रेस (अनारक्षित) विशेष गाड़ी के रूप में चलाया जायेगा ताकि गाड़ी में अतिरिक्त भीड़ न हो तथा कोविड–19 सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित हो सके। 05163 छपरा कचहरी–थावे अनारक्षित दैनिक एक्सप्रेस विशेष गाड़ी 01 सितम्बर, 2021 से अगले आदेश तक प्रतिदिन छपरा कचहरी से 05.00 बजे प्रस्थान कर तेनुआ डुमरिया से 05.10 बजे, खैरा से 05.17 बजे, बन्नी महम्मन पट्टी से 05.25 बजे, बहुआरा हाल्ट से 05.30 बजे, पटेरही से 05.36 बजे, तेजपुरवा हाल्ट से 05.44 बजे, सिल्हौड़ी हाल्ट से 05.49 बजे, मढ़ौरा से 05.55 बजे, टेढ़ा हाल्ट से 06.03 बजे, आगोथर से 06.08 बजे, शाम कौड़िया से 06.14 बजे, परसा केरवां हाल्ट से 06.24 बजे, गुणराजपुर धाम हाल्ट से 06.29 बजे, मसरख से 06.45 बजे, सागर सुल्तानपुर से 07.03 बजे, बसन्तपुर से 07.18 बजे, बड़का गांव से 07.31 बजे, सरहरी से 07.45 बजे, बिशनपुर महुआरी से 08.00 बजे, महाराजगंज से 08.15 बजे, दुरौंधा से 08.40 बजे, पचरूखी से 08.53 बजे, सीवान से 09.10 बजे, सीवान कचहरी से 09.22 बजे, अमलोरी सरसर से 09.32 बजे तथा हथुआ से 09.43 बजे छूटकर थावे 10.00 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 05164 थावे–छपरा कचहरी अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष गाड़ी 01 सितम्बर, 2021 से अगले आदेश तक प्रतिदिन थावे से 16.15 बजे प्रस्थान कर हथुआ से 16.30 बजे, अमलोरी सरसर से 16.41 बजे, सीवान कचहरी से 16.51 बजे, सीवान से 17.10 बजे, पचरूखी से 17.20 बजे, दुरौंधा से 17.30 बजे, महराजगंज से 17.48 बजे, बिशनपुर महुआरी से 18.01 बजे, सरहरी से 18.18 बजे, बड़कागांव से 18.33 बजे, बसन्तपुर से 18.48 बजे, सागर सुल्तानपुर से 19.03 बजे, मसरखा से 19.33 बजे, गुणराजपुर धाम हाल्ट से 19.44 बजे, परसा केरवां हाल्ट से 19.49 बजे, शाम कौड़िया से 20.00 बजे, आगोथर से 20.10 बजे, टेढ़ा हाल्ट से 20.15 बजे, मढ़ौरा से 20.22 बजे, सिल्हौड़ी हाल्ट से 20.29 बजे, तेजपुरवा हाल्ट से 20.34 बजे, पटेरही से 20.40 बजे, बहुआरा हाल्ट से 20.47 बजे, बन्नी महम्मन पट्टी से 20.52 बजे, खैरा से 20.58 बजे तथा तेनुआ डुमरिंया हाल्ट से 21.06 बजे छूटकर छपरा कचहरी 21.30 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी की संरचना में साधारण द्वितीय श्रेणी के 08 तथा एस.एल.आर/डी. के 02 कोचों सहित कुल 10 कोच लगाये जायेंगे।

अगले आदेश तक प्रतिदिन निम्नवत् किया जायेगा एक जोड़ी अनारक्षित दैनिक एक्सप्रेस विशेष गाड़ी का संचलन

गोरखपुर । रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 05165/05166 थावे–कप्तानगंज–थावे के मध्य एक जोड़ी अनारक्षित दैनिक एक्सप्रेस विशेष गाड़ी का संचलन 01 सितम्बर, 2021 से अगले आदेश तक प्रतिदिन निम्नवत् किया जायेगा। कोविड–19 को ध्यान में रखकर इन विशेष गाड़ियों को एक्सप्रेस (अनारक्षित) विशेष गाड़ी के रूप में चलाया जायेगा ताकि गाड़ी में अतिरिक्त भीड़ न हो तथा कोविड–19 सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित हो सके। 05165 थावे–कप्तानगंज अनारक्षित दैनिक एक्सप्रेस विशेष गाड़ी 01 सितम्बर, 2021 से अगले आदेश तक प्रतिदिन थावे से 10.20 बजे प्रस्थान कर नरकटिया बाजार हाल्ट से 10.26 बजे, सासामुसा से 10.32 बजे, सिपाया से 10.39 बजे, जलालपुर से 10.45 बजे, तिनफेरिया से 10.52 बजे, तरयासुजान से 10.58 बजे, तमकुही रोड से 11.08 बजे, गौरी श्रीरामपुर से 11.16 बजे, दुदही से 11.23 बजे, चाफ हाल्ट से 11.30 बजे, कठकुइयां से 11.37 बजे, पडरौना से 11.46 बजे, बरहरागंज से 11.55 बजे, रामकोला से 12.05 बजे, लक्ष्मीगंज से 12.13 बजे तथा मठिया बरघाट हाल्ट से 12.20 बजे छूटकर कप्तानगंज 12.50 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 05166 कप्तानगंज–थावे अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष गाड़ी 01 सितम्बर, 2021 से अगले आदेश तक प्रतिदिन कप्तानगंज से 13.20 बजे प्रस्थान कर मठिया बरघाट हाल्ट से 13.30 बजे, लक्ष्मीगंज से 13.36 बजे, रामकोला से 13.44 बजे, बहहरागंज से 13.54 बजे, पडरौना से 14.03 बजे, कठकुइयां से 14.12 बजे, चाफ हाल्ट से 14.20 बजे, दुदही से 14.26 बजे, गौरी श्रीराम से 14.34 बजे, तमकुही रोड से 14.41 बजे, तरयासुजान से 14.51 बजे, तिनफेरिया से 14.58 बजे, जलालपुर से 15.04 बजे, सिपाया से 15.11 बजे, सासामुसा से 15.17 बजे तथा नरकटिया बाजार हाल्ट से 15.24 बजे छूटकर थावे 15.30 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी की संरचना में साधारण द्वितीय श्रेणी के 08 तथा एस.एल.आर/डी. के 02 कोचों सहित कुल 10 कोच लगाये जायेंगे।

तेज प्रताप गुप्ता बने हाटा विधान सभा आई टी सेल के प्रमुख

दैनिक बुद्ध का संदेश

हाटाध्कुशीनगर। भारतीय जनता पार्टी कुशीनगर आई टी सेल के जिलाध्यक्ष नमो नारायण मौर्या एवं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेमचन्द मिश्रा के संयुक्त हस्ताक्षर से हाटा विधान सभा आई सेल के प्रमुख पद पर तेज प्रताप गुप्ता को एवं सहप्रमुख पद पर विरू कशौधन को मनोनित किया है इनके मनोनयन पर भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीभागवत चौहान, नरेन्द्र कुमार सिंह नन्दू सिंह, सेक्टर प्रभारी अंकित मद्देशिया, सुरेश गुप्त, गुड्डू प्रजापति, जयकिशुन यादव, विद्यापति यादव, सनोज विश्वकर्मा, प्रदीप गुप्ता, पत्रकार पप्पू गुप्ता, पत्रकार जगदीश सिंह,भाजपा के पूर्व जिला कार्य समिति सदस्य अशोक कुमार पत्रकार, छोटेलाल गुप्ता, बृजेश मद्देशिया, चेतन यादव, वकील सिंह, रुदल चौहान, महामंत्री भोरिक चौहान, मण्डल अध्यक्ष ज्ञान विक्रम सिंह, अजय गुप्ता, आदि लोगो ने गुप्ता के विधान सभ क्षेत्र हाटा का आई सेल का प्रमुख बनाये जाने पर जिलाध्यक्ष प्रेमचन्द मिश्र, आई टी सेल के जिला प्रमुख नमोनरायन मौर्या को बधाई देते हुए आशा व्यक्त किया कि गुप्ता नेतृत्व मे हाटा विधान सभा क्षेत्र मे भाजपा प्रचार प्रसार के क्षेत्र मे सांगठनिक रूप से मजबूत होगी।

सम्पादकीय

जाहिर है, ऐसा कुछ न होने पर किसी आरोपी को गिरफ्तार करने की प्रवृत्ति उचित नहीं कही जा सकती। किसी भी वजह से ऐसा संकेत नहीं जाना चाहिए कि जांच एजेंसियों की दिलचस्पी आरोपी को गिरफ्तार करने और न्याय प्रक्रिया के बहाने अधिक से अधिक समय तक...

गिरफ्तारी की हदें

सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर आगाह किया है कि गिरफ्तारी को एक रूटीन कार्रवाई का रूप नहीं देना चाहिए। इस बात का ख्याल रखा जाना चाहिए कि किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी से उसकी प्रतिष्ठा और आत्मसम्मान को जबर्दस्त चोट पहुंचती है। कोर्ट ने कहा कि पुलिस किसी को गिरफ्तार कर सकती है, उसके पास इसका कानूनी अधिकार है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उसे हर आरोपी को गिरफ्तार कर ही लेना है।

कानून के तहत एक अधिकार होना और उस अधिकार का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करना, दोनों दो बातें हैं और इनके बीच का अंतर स्पष्ट होना चाहिए। हालांकि इस बारे में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस काफी पहले से मौजूद हैं। लोककल्याणकारी राज्य की अवधारणा का भी तकाजा है कि गिरफ्तारी को नियम न बना दिया जाए, उसे अपवाद के ही रूप में रहने दिया जाए। इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट के पास ऐसे मामले बड़ी संख्या में आते रहते हैं, जिनमें आरोपी के जांच में पूरा सहयोग देने पर भी आरोपपत्र दायर करते समय उसे गिरफ्तार किया जाता है क्योंकि निचली अदालतों का आग्रह होता है कि अगर आरोपी को गिरफ्तार कर उनके सामने पेश नहीं किया जाएगा तो आरोपपत्र रेकॉर्ड पर नहीं लिया जाएगा।

हालांकि हाईकोर्ट के भी ऐसे कई फैसले हैं, जिनमें स्पष्ट किया गया है कि इस आधार पर आरोपपत्र स्वीकार करने से इनकार नहीं किया जा सकता कि आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के सामने मौजूदा मामला भी ऐसा ही था। कोर्ट ने इस स्थिति पर अफसोस जरूर जताया, लेकिन फिर भी अपनी तरफ से यह स्पष्ट कर देना जरूरी समझा कि अगर जांच अधिकारी समझता है कि आरोपी सहयोग कर रहा है और उसके फरार होने की कोई आशंका नहीं है तो उसे आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने पहले से स्थापित इस धारणा को दोहराते हुए और मजबूती दे दी कि किसी मामले में गिरफ्तारी की ठोस वजहें होनी चाहिए। या तो अपराध बेहद गंभीर प्रकृति का हो या हिरासत में पूछताछ जरूरी हो जाए या फिर गवाहों को प्रभावित करने या आरोपी के फरार हो जाने की आशंका हो। जाहिर है, ऐसा कुछ न होने पर किसी आरोपी को गिरफ्तार करने की प्रवृत्ति उचित नहीं कही जा सकती। किसी भी वजह से ऐसा संकेत नहीं जाना चाहिए कि जांच एजेंसियों की दिलचस्पी आरोपी को गिरफ्तार करने और न्याय प्रक्रिया के बहाने अधिक से अधिक समय तक जेल में डालने में है। इससे जांच प्रक्रिया ही अपने आप में एक सजा बन जाती है जिसका सबसे ज्यादा नुकसान इंसाफ को होता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट का यह सामयिक दिशानिर्देश केवल पुलिस और निचली अदालतों को ही नहीं बल्कि तमाम जांच एजेंसियों को अपने आचरण की समीक्षा करने की प्रेरणा देगा।

सफर में सफरिंग से क्या डरना!

जोगा सिंह

अगर एक आम भारतीय और एक यूरोपियन शिमला जाएंगे तो वे वहां क्या करेंगे? कुछ भारतीय युवाओं के बारे में मैं अच्छे से जानता हूं इसलिए बता सकता हूं कि वे सबसे पहले एक महंगा होटल तलाशेंगे और फिर रूम बुक करेंगे। फिर खाने का ऑर्डर देंगे, छककर महंगी शराब पीकर सो जाएंगे। सुबह उठकर वापिस घर चले जाएंगे। पैसे की बर्बादी के साथ बस इतना ही था उनका घूमना और एंजॉय! अब समझिए कि एक यूरोपियन वहां क्या करेगा? वह किसी पहाड़ की चोटी पर चढ़ जाएगा और अपना टेंट गाड़ देगा। वह रातभर उस पहाड़ की चोटी पर बर्फीली हवाओं के संग रहेगा। इस बीच हो सकता है कि वहां बारिश भी हो जाए, तूफान भी आ जाए लेकिन वह हर चीज को एंजॉय करेगा। सुबह सूरज की पहली किरण के साथ फोटो या विडियो भी शूट करेगा। इस बीच, जो भी उसके पास खाने और पीने के लिए है उसी से काम चलाएगा। यह भी संभव है कि वह वहां खींचे फोटो या विडियो को बेचकर वह अपने टूर का कुछ खर्चा भी निकाल ले। वहां अपनी हर गतिविधि में उसे जोखिम उठाना पड़ सकता है लेकिन वह उसके लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार होकर आया है। अब ध्यान देने वाली बात यह है कि भारतीय युवक के जीवन में सब कुछ पहले से ही निश्चित था। उसने एक तरह के बने बनाए रूल के आधार पर अपना आनंद निश्चित किया था। उसकी जिंदगी में सब कुछ पहले से सेट था। कितना महंगा होटल लेना है? होटल उसके लिए कितना सुरक्षित है? रूम हीटर है या नहीं? बाथरूम में गर्म पानी आता है या नहीं? मेन्यू में से कौन–कौन–सा खाना ऑर्डर करना है? सुबह ब्रेकफास्ट में क्या लेना है? और कमरा कितने बजे चेक आउट करना है? जीवन में जब हर चीज निश्चित होती है तो हम उसी के मुताबिक चलते हैं। तब खुद को उससे बाहर नहीं निकाल पाते? जबकि पहाड़ की चोटी पर उस यूरोपियन की जिंदगी में कुछ भी निश्चित नहीं है। ज्यों ही वह फैसला करता है कि मैं होटल में न रहकर किसी पहाड़ की चोटी पर रहूंगा, तभी से उसकी जिंदगी में मुश्किलें भी बढ़ जाती हैं। उसका दिमाग एक कमांडो की तरह चारों दिशाओं में दौडने लगता है कि कौन–सी चोटी मेरे लिए ठीक रहेगी? चोटी कितनी ऊंची होनी चाहिए? वहां कौन सी मुश्किलें आएंगी और उनका कैसे डटकर मुकाबला करना है? यूरोपियन के मन में तनाव पैदा होगा और उसको इसके लिए बहुत सोचना पड़ेगा। अब बताइये कि आगे की तरफ कौन देख रहा है? दूसरी तरफ, उस भारतीय युवा के मन में कोई तनाव नहीं। वह रातभर नशे में रहेगा और उसे पता भी नहीं चलेगा कि वह कहां सोया हुआ है? जब वह होटल से निकलेगा तो उसे यह लगेगा कि कोई फायदा नहीं हुआ यहां आने का क्योंकि मुझे तो कोई नया अनुभव हुआ ही नहीं। कुछ भी हासिल नहीं हुआ। उसके जीवन में कुछ नया घटित नहीं हुआ, कोई नया विचार पैदा नहीं हुआ। जबकि यूरोपियन को रात में इतने फैसले लेने पड़े, इतनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा जिससे जीवन के प्रति उसकी नई समझ पैदा हो गई क्योंकि उसका अनुभव अद्भुत रहा। उसने आज जीवन के प्रति एक नई खोज की क्योंकि वह पहले से ज्यादा बौद्धिक हो गया।

मानवता के पुनरुत्थानवादी विचारक रामस्वरूप वर्मा जी

उनका विश्वास था कि सभी मनुष्य समान है इसलिए वह मानवता मात्र में विश्वास करते थे। उनका मानना था कि राजनेता ऐसे हो जिनको जमीनी समझ हो और नीचे झुके हुए मानव को भी समाज के समान श्रेणी में लेकर आएं । उन्होंने क्रन्ति को परिभाषित करते हुए कहा कि –क्रान्ति जीवन के पूर्व निर्धारित मूल्यों का जनहित में पुनिर्धारण करना है । वही सच्ची क्रांति है। उनके मौलिक विचारों की स्पष्टता और समझ की ...

विकास कुमार

इस धारा में जिसका भी जन्म हुआ है ,उनमें मरणशीलल तो सभी हैं ,परंतु स्मरणशील होने का श्रेय किसी –किसी को ही मिल पाता है। कुछ राष्ट्र नायक के यादों को कब्रगाह में उनके साथ उनके योगदान , स्मरण और विचारों को भी दफना दिया जाता है। परंतु उनके विचार आने वाले सभ्यता और संस्कृति में कितनी प्रगति कर सकते हैं। इसका अवलोकन तभी किया जा सकता है जब उनके विचारों का अध्ययन किया जाए । इसी श्रेणी में आने वाले प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ,समाजशास्त्री ,राजनीशशास्त्री –तर्क व मानवता में विश्वास रखने वाले भारतीय राजनीति के कबीर समाजवादी विचारक आदरणीय रामस्वरूप वर्मा जी थे। आपका जन्म 22 अगस्त 1923 को उत्तर प्रदेश के कानपुर के गौरीकरन नामक गांव में एक किसान परिवार में हुआ। चारों ओर विषम परिस्थितियां होने के पश्चात भी आपने , अपने व्यक्तित्व को इस प्रकार निखारा, जिसमें तर्क के अद्भुत क्षमताएं थी और विचारों में मौलिकता थी। बहुत कम लोग जानते हैं ,क्योंकि यह पाठ्यक्रम का भाग नहीं है । आप पहले भारतीय राजनीतिक विचारक थे जिन्होंने चतुर्दिकी क्रांति को विकसित समाज के लिए आवश्यक आधार बताया। जिसका अभिप्राय था की क्रांति का क्षेत्र केवल एक विषय विशेष एवं क्षेत्रीय विशेष नहीं होना चाहिए। इसमें सामाजिक –आर्थिक ,सामाजिक – राजनीतिक न्याय तो होना ही चाहिए ,इसके साथ –साथ सांस्कृतिक क्रांति भी समतामूलक समाज के लिए अपरिहार्य है। जिस समय विश्व के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री यह साबित कर चुके थे , बजट घाटे में पेश किया जाता है ,अन्यथा संतुलन आधार पर। उस समय आपने, अपनी सूझबूझ और कुशल भारतीय समाज के कारण बजट को ना सिर्फ संतुलित आधार पर पेश किया। जबकि उस समय 20 करोड़ से अधिक फायदे वाला बजट पेश किया। आपने सर्वप्रथम वे 1957 में सोशलिस्ट पार्टी से भोगनीपुर विधानसभा क्षेत्र उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य चुने गये, उस समय आपकी उम्र मात्र 34 वर्ष की थी। 1967 में संयुक्त सोशलिस्ट पर्टी से, 1969 में निर्दलीय, 1980, 1989 में शोषित समाजदल से उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य चुने गये। 1991 में छठी बार शोषित समाजदल से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए। जनान्दोलनों में भाग लेते हुए वर्मा जी 1955, 1957, 1958, 1960, 1964, 1969, और 1976 में 188 आई0पी0सी0 की धारा 3 स्पेशल एक्ट धारा 144 डी0 आई0 आर0 आदि के अन्तर्गत जिला जेल कानपुर, बांदा, उन्नाव, लखनऊ तथा तिहाड़ जेल दिल्ली में राजनैतिक बन्दी के रूप में सजाएं भोगीं। वर्मा जी ने 1967–68 में उत्तर प्रदेश की संविद सरकार में वित्तमंत्री के रूप में 20 करोड़ के लाभ का बजट पेश कर पूरे आर्थिक जगत को अचम्भे में डाल दिया। जब दुनिया के प्रसिद्ध पत्रकारों ने इस पर परिचर्चा करना चाहा। उस समय आपका बहुत ही सहज और सरल उत्तर था कि मैंने अपने अर्थव्यवस्था की प्रगति का सूचक और आधार कृषि और किसान को माना है ।जो कभी घाटे में जा ही नहीं सकते, क्योंकि कृषि और किसान में वह क्षमता होती है । किसी भी परिस्थिति में तकनीकी के अभाव में भी श्रम और साहस के द्वारा उत्पादन कर लेते हैं। आप एक जमीन से जुड़े हुए नेता थे जिनमें नेतृत्व की अनन्य संभावनाएं थी । निष्पक्षता, निडरता, मौलिकता एवं व्यापक जनहितघें को समर्पित ऐसा जीवन था जिसे भारत के प्रसिद्ध विचारक डॉ राम मनोहर लोहिया आदि प्रशंसक थे। वर्मा जी में मौलिकता की अवधारणा श्रेष्ठतम जो उनका सर्वोत्कृष्ट शस्त्र था ।वह जब सभाओं में बोला करते थे आम जनमानस को ऐसा प्रतीत होता था कि ऐसे विचारों की उत्कृष्टता किसी– किसी में ही पाई जाती है। राजनीतिक जीवन में आपने भोग विलास और सुविधा युक्त जीवन ना चुनकर फकीरी का जीवन चुना। यह आज भी और आने वाले समय में भी प्रासंगिक और प्रेरणा स्रोत रहेगा। जिस प्रकार से वह बाहर से दिखते थे और आंतरिक तर्क शैली का प्रयोग करते थे । इन सभी तत्वों को आप व्यवहार व जमीनी हकीकत में भी बदल देते थे। छात्र जीवन से राजनीति को अपने कर्मक्षेत्र के रूप में छात्र जीवन में ही चुन लिया था ।बावजूद इसके कि छात्र राजनीति में उन्होंने कभी हिस्सा नहीं लिया। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा कालपी और पुखरायां में हुई जहां से उन्होंने हाई स्कूल और इंटर की परीक्षाएं उच्च श्रेणी में उत्तीर्ण की। वर्मा जी सदैव मेधावी छात्र रहे और स्वभाव से अत्यन्त सौम्य, विनम्र, मिलनसार थे पर आत्मस्म्मान और स्वभिमान उनके व्यक्तित्व में कूट–कूट कर भरा हुआ था। उन्होंने 1949 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय हिन्दी में एम0ए0 और इसके बाद आपने समसामयिक परिस्थितियों को देखते हुए कानून की डिग्री भी उच्च श्रेणी से प्राप्त की। केवल इन्हीं परीक्षाओं में आपने योग्यता और कौशल का परिचय नहीं दिया अपितु प्रसिद्ध प्रतिस्पर्धा की परीक्षा सिविल सेवा में भी सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इस परीक्षा में इतिहास विषय का चयन किया जो इनके अकादमिक विषयों का कभी भाग नहीं रहा। उनका विश्वास था कि सभी मनुष्य समान है इसलिए वह मानवता मात्र में विश्वास करते थे। उनका मानना था कि राजनेता ऐसे हो जिनको जमीनी समझ हो और नीचे झुके हुए मानव को भी समाज के समान श्रेणी में लेकर आएं । उन्होंने क्रन्ति को परिभाषित करते हुए कहा कि –क्रान्ति जीवन के पूर्व निर्धारित मूल्यों का जनहित में पुनिर्धारण करना है । वही सच्ची क्रांति है। उनके मौलिक विचारों की स्पष्टता और समझ की जरूरत समाज को आज भी है। ऐसे विचार को कि सिर्फ मृत्यु होती है, परंतु विचारों की मृत्यु कभी नहीं होती।

(लेखक– केंद्रीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में रिसर्च स्कॉलर हैं एवं राजनीति विज्ञान में गोल्ड मेडलिस्ट हैं।)

कश्मीर दूर है, पहले खुद को बचाए पाक

इन संगठनों के अफगानिस्तान में आतंकी शिविर हुआ करते थे। 1990 के दशक में कश्मीर में घुसपैठ करने वाले आतंकियों को मुल्ला उमर के कैंप में ट्रेनिंग मिली होती थी। अफगान और अमेरिकी सेना के खिलाफ पाकिस्तानी आतंकियों के लडने के जज्बे को भी तालिबान नहीं भूला होगा। तो कुल मिलाकर जब तक भारत इस नई स्थिति का विश्लेषण करता है, तब तक तालिबान के सामने भी ...

आदित्य राज कौल

तालिबान के शीर्ष नेताओं मुल्ला बरादर और हक्कानी नेटवर्क के सिराजुद्दीन हक्कानी ने कतर एयरफोर्स के विमान से जैसे ही अफगानिस्तान की धरती पर कदम रखा, साफ हो गया कि इस देश में एक नए इस्लामी अमीरात तालिबानी शासन की शुरुआत होने वाली है। काबुल में तालिबान के डिप्टी अनस हक्कानी ने पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई और दूसरे नेताओं से मुलाकात की। उन्हें उनकी सुरक्षा को लेकर आश्वस्त किया। तालिबान के इन कदमों को अपने लिए व्यापक सहमति जुटाने के तौर पर देखा जा रहा है। वह इस बार अपनी एक ऐसी छवि दिखाना चाहता है, जो अधिक मानवीय है।

चरमपंथ बढ़ेगा

काबुल पर कब्जे के बाद से ही तालिबान अपनी एक नरम और उदार छवि पेश करने के लिए बेचौन है। ऐसी छवि, जिसके बारे में उसका दावा है कि यह पहले से बिल्कुल अलग है। तालिबान चाहता है कि लोग उस पुराने चेहरे को भूल जाएं, जब सरेआम मौत की सजा दी जाती थी, महिलाओं–लड़कियों के घर से बाहर निकलने पर मनाही थी, बुर्का जैसे शरीर का ही एक अंग बन गया था और लड़कियों को प्राथमिक शिक्षा तक की इजाजत नहीं थी।

हालांकि काबुल के राष्ट्रपति भवन में तालिबान ने जो पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की, उसमें संकेत दिए गए कि महिलाओं के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जाएगा। सारे अधिकार मिलेंगे उन्हें, लेकिन केवल इस्लामी शरिया कानून के अनुसार। कोई भी शरिया के खिलाफ बोल या लिख नहीं सकेगा। तालिबान की नजरों में यह मुद्दा राष्ट्रीय महत्व का है। इन बयानों से तालिबान की चाल साफ होने लगती है। कुल मामला नई बोतल में पुरानी शराब जैसा है। अफगानिस्तान पर तालिबान का कब्जा आने वाले वक्त में इस मुल्क को चरमपंथ और आतंकवाद का सबसे बड़ा केंद्र बना देगा। तालिबानी शासन के साथ सुन्नी उग्रवाद को मिलेगा एक नया जीवन, जो इस्लामिक राज्य इराक और आईएसआईएस से भी बदतर होगा। तालिबान के पास हथियारों की कोई कमी नहीं है। अमेरिकी फौज अफगानिस्तान की धरती छोड़ते समय अपने पीछे हेलिकॉप्टर, विमान और आधुनिक हथियार, गोला–बारूद छोड़ गई है। एक लंबे समय तक तालिबान इनसे अपनी सुरक्षा कर सकता है। आने वाले समय का अंदाजा आप इस बात से भी लगा सकते हैं कि अमेरिका ने अफगान सेना को तीन लाख आधुनिक हथियारों से लैस किया था। अब यह सब तालिबान के हाथों में है। तालिबान के इस उदय के साथ सवाल उठ रहा है कि क्या कोई असर जम्मू–कश्मीर पर भी पड़ेगा? या फिर तालिबान का नरम चेहरा वाकई ऐसा ही रहेगा और हमें कोई चिंता करने की जरूरत नहीं? सुन्नी उग्रवाद के उदय का अर्थ निकालें तो मुझे लगता है कि जम्मू–कश्मीर पर पर सीधे तौर पर तुरंत कोई खतरा नहीं है। हां, पाकिस्तान पड़ोस में है और उस पर असर को नकार नहीं सकते। काबुल से जम्मू–कश्मीर का रास्ता पाकिस्तान से होकर ही जाता है। अफगानिस्तान में तालिबान के आतंकी शिविरों में पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेने वाले आतंकवादी जम्मू–कश्मीर जाने से पहले रास्ते में अपने ही घर जला सकते हैं।

तालिबानी राज का असर यह होगा कि आने वाले बरसों में पाकिस्तान में सुन्नी और वहाबी चरमपंथ में इजाफा होगा। लाहौर में तहरीक–ए–लब्बैक ने महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा को तोड़ दिया। इसी से समझ सकते हैं कि चरमपंथ किस तरह उबल रहा है। एक और घटना है पाकिस्तान की, जो चरमपंथियों के उभार को बताती है। लाहौर के मिनार–ए–पाकिस्तान में टिकटॉक विडियो बनाने वाली लड़की को सरेआम निर्वस्त्र किया गया, 400 लोगों ने रेप करने की कोशिश की उससे। अफगानिस्तान में तालिबान राज का फल पाकिस्तान को मिलने लगा है। हर गुजरते दिन के साथ वहां के समाज पर इसका असर गहरा होता जाएगा।

आतंकियों को सुरक्षित पनाह देने की शर्त पर पाकिस्तान उनके सामने कई मांगें रखता रहा है। क्या इस बार वह तालिबान के समक्ष अपनी शर्तें रख सकेगा? इस जवाब के लिए पीछे के हालात को देखिए। दोहा वार्ता में पाकिस्तान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यहीं पर तालिबान और अमेरिका के बीच समझौता हुआ। अमेरिका ने तय किया कि वह इस साल सितंबर तक अपनी फौजें वापस बुला लेगा। हालांकि इस समयसीमा के दौरान तालिबान ने कई समझौते तोड़ दिए। उसके लड़ाके एक के बाद एक राज्यों पर जबरन कब्जा करते हुए राजधानी तक पहुंच गए। काबुल में आत्मघाती हमले जारी रहे। मासूमों को निशाना बनाया जाता रहा। अगर तालिबान ने दोहा वार्ता की शर्तों के मुताबिक कदम बढ़ाए होते तो पाकिस्तान परिस्थिति का फायदा उठाने की ज्यादा अच्छी स्थिति में होता। अब अमेरिका भी पहले की तरह उस पर अधिक निर्भर नहीं रहेगा। वैसे पाकिस्तान पर्दे के पीछे से इस तालिबानी शासन में अपना उचित हिस्सा चाहता है।

तालिबान से बातचीतः अगर भारत की बात करें तो वह इस क्षेत्र की हकीकत से मुंह नहीं मोड़ सकता। अगर तालिबान के साथ बैकचौनल से बातचीत नहीं चल रही है, तो शुरू करनी होगी। भारत की एक बड़ी आबादी मुस्लिम है और तालिबान इसे नजरअंदाज नहीं करेगा। वह जम्मू–कश्मीर और भारत के दूसरे आंतरिक मामलों में टांग अड़ाने के बजाय भारत से सीधी बातचीत चाहेगा। तालिबान की आधिकारिक नीति है कि जम्मू–कश्मीर एक द्विपक्षीय मसला है। इसी से कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मामले में उसके दृष्टिकोण का पता चल जाता है। यह दृष्टिकोण अब तक भारत के अनुकूल रहा है और लगता नहीं कि अफगानिस्तान में अपने शासन को मजबूत किए बिना तालिबान संघर्ष का कोई नया मोर्चा खोलेगा। हालांकि इन सबके बावजूद भारत को जम्मू–कश्मीर को लेकर सतर्क रहना होगा। हाल–फिलहाल भले नहीं, लेकिन आने वाले समय में आतंकवाद में वृद्धि देखी जा सकती है। तालिबान के उदय ने जैश–ए–मोहम्मद और लश्कर–ए–तैयबा जैसे आतंकी संगठनों में नई ऊर्जा भर दी है। इन संगठनों के अफगानिस्तान में आतंकी शिविर हुआ करते थे। 1990 के दशक में कश्मीर में घुसपैठ करने वाले आतंकियों को मुल्ला उमर के कैंप में ट्रेनिंग मिली होती थी। अफगान और अमेरिकी सेना के खिलाफ पाकिस्तानी आतंकियों के लडने के जज्बे को भी तालिबान नहीं भूला होगा। तो कुल मिलाकर जब तक भारत इस नई स्थिति का विश्लेषण करता है, तब तक तालिबान के सामने भी कई चुनौतियां हैं। उसे समझना होगा कि शासन कैसे करना है और जातीय रूप से बंटे देश को किस तरह एक करके रखा जाए।

अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाएं थानेदारः एसपी

देवरिया। अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस की तैयारी तेज हो गई है। सोमवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में मासिक अपराध समीक्षा बैठक हुई। जिसमें पुलिस अधीक्षक डा.श्रीपति मिश्र ने शहर से देहात तक रात में गश्त बढ़ाने व अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाने के लिए थानेदारों को निर्देश दिया। एसपी मिश्र ने जिले में अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के लिए थानेदारों को चेताया। कहा कि जिसके थाने में इस तरह की घटनाएं पायी गई। उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। इसके अलावा चोरी व लूट की घटनाओं को रोकने के लिए रात में क्षेत्र भ्रमण करने पर जोर दिया। लंबित जनशिकायत एवं आइजीआरएस प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए।

बीट पुलिस अफसर प्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए बीट पुलिस अधिकारियों को कार्य करने के निर्देश दिए गए। मिशन शक्ति फेज–3 को और प्रभावी बनाने के लिए सभी थानों में महिलाओं की समय–समय पर बैठक पर जोर दिया गया।

साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान हेतु निर्देश दिए गए। बैंकों पर विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिग करने तथा प्रतिदिन बैंक ड्यूटी में जाने वाले कर्मचारियों को ड्यूटी के संबंध में ब्रीफ करने एवं सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान दृश्यता, गतिशीलता, सजगता एवं सतर्कता बनाये रखने हेतु विशेष निर्देश दिये कहा कि साम्प्रदायिक भावना भड़काने वालें असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई करें। सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के साथ साथ डिजिटल वालेंटियर ग्रुप को अपडेट कर उनके साथ नियमित मीटिग की जाए। लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के विरुद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने व शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा, गैंगस्टर आदि की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। एसपी मिश्र ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने व अतिक्रमण हटवाने के सम्बन्ध में समस्त थाना प्रभारी सहित यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया। एंटी रोमियो टीम को सक्रिय करने पर जोर दिया। वाहन चेकिग के दौरान आम जनता से अच्छा बर्ताव करें।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर, मुख्य अग्निशमन अधिकारी शंकर शरण राय, क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर कपिलमुनी सिंह, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर अम्बिका, क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी पंचमलाल, क्षेत्राधिकारी बरहज देवानन्द सहित सभी थानेदार मौजूद रहे। पुलिसकर्मियों की सुनी समस्याः समीक्षा से पहले जनपद के विभिन्न थानों से आये पुलिस कर्मियों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई। इस दौरान कुछ कर्मियों द्वारा अपनी समस्याओं को बताया गया। जिसके निस्तारण के लिए संबंधित अफसरों को निर्देश दिया गया।

84 केंद्रों पर 13894 लोगों को लगाया गया कोरोनारोधी टीका

देवरिया। जिले का हर नागरिक यह चाह रहा है कि उसे कोरोनारोधी टीका लग जाए। टीकाकरण केंद्रों पर लोग जुगाड़ लगा रहे हैं कि मेरा कोरोनारोधी टीका किसी भी तरह से लग जाए। कोरोना संक्रमण व तीसरी लहर से बचने के लिए हर कोई उपाय कर रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही है जो मल्टीमीडिया सेट या इंटरनेट का प्रयोग नहीं करते। ऐसे लोग न तो रजिस्ट्रेशन कर पा रहे हैं और न ही उनका स्लाट बुक हो पा रहा है। कोरोनारोधी टीका लगवाने के लिए लोग सांसद व विधायक के यहां पैरवी कराने पहुंच रहे हैं। सोमवार को जिले के 84 टीकाकरण केंद्रों पर 13894 लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाया गया। जिले में कुल 14770 लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया था। 18 वर्ष से 45 वर्ष तक के 8639 लोगों को प्रथम व 607 लोगों को द्वितीय डोज दिया गया। 45 से 60 वर्ष के लोगों में 2700 को प्रथम डोज व 738 को द्वितीय डोज दिया गया। 60 वर्ष से उपर 930 को द्वितीय डोज व 279 को द्वितीय डोज दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की मंशा है कि अधिक से अधिक लोगों को कोरोना की एक डोज लगा दी जाए। जिससे लोगों को कोरोना से सुरक्षा मिल जाए। उधर दूसरे डोज का लक्ष्य पूरा नहीं होने से विभाग का दूसरे डोज को लगाने की भी चिता है और दूसरे डोज का लक्ष्य भी पूरा नहीं हो पा रहा है। जिससे विभाग चिंतित है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अब ज्यादा संख्या में टीका लगवाने पहुंच रहे हैं।

खुखुंदू विद्युत उपकेंद्र के कंट्रोल रूम में घुसा पानी

खुखुंदू, देवरिया । विद्युत उपकेंद्र खुखुंदू के कंट्रोल रूम में बारिश का पानी घुस गया है। जिसके चलते सोमवार को विद्युत आपूर्ति बाधित रही। बिजली कटौती से लोग मुसीबत में हैं। बिजली कर्मचारी जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं। इसको लेकर कर्मचारियों में नाराजगी है। उनका कहना है कि यह स्थिति पांच दशक से है। जल निकासी के लिए जिम्मेदारों की तरफ से कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। विद्युत उपकेंद्र परिसर में बरसात शुरू होने के बाद से ही पानी भरा हुआ है। 10 एमबीए के ट्रांसफार्मर के नीचे पानी पहले से लगा है। एक सप्ताह से लगातार बारिश के चलते परिसर जलमग्न हो गया। बारिश का पानी कंट्रोल रूम में घुस गया। जिसके चलते खतरा बढ़ गया है। शनिवार को जेई ने जेसीबी मंगाकर जल निकासी का प्रयास किया लेकिन पुलिया पर अतिक्रमण से पानी का बहाव कम हो रहा है। लोगों ने बताया कि जब तक पुलिया से अतिक्रमण नहीं हटाया जाता, तब तक जल निकासी संभव नहीं है। पानी के रास्ते आने–जाने को मजबूर कर्मचारीः विद्युत उपकेंद्र में पानी भरे होने के कारण करंट का खतरा है। कर्मचारियों को पानी के रास्ते ही आना–जाना पड़ रहा है। विद्युत उपकेंद्र खुखुंदू का निर्माण पांच दशक पूर्व कराया गया था। मुख्य मार्ग से यह काफी नीचे है। हल्की बारिश में भी जलभराव से कर्मचारी सांसत में रहते हैं। जिस पुलिया से जल निकासी होती थी। उसे पटरी व्यवसायियों ने बंद कर दिया है। जलभराव होने से विद्युत सप्लाई बहाल करने में कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। पुलिया साफ कर पानी निकासी के लिए प्रयास चल रहा है।

बारिश से ग्रामीण क्षेत्र की अधिकतर सड़कें टूटीं

देवरिया । ग्रामीण क्षेत्रों की बदहाल सड़कें परेशानी का सबब बन गईं हैं। बारिश से अधिकतर सड़कों की हालत खराब है। इन पर चलना मुश्किल हो गया है। सलेमपुर क्षेत्र के कोल्हुआ–पड़री झिल्लीपार मार्ग टूट गई है। इसके अलावा भरथुआ–भटनी मार्ग पर स्थित कोल्हुआ से घुसरी मिश्र, पड़री बाजार, कोला होते हुए पड़री झिल्लीपार तक जर्जर हालत में है। चार वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इसका निर्माण हुआ है। सड़क क्षतिग्रस्त होने से जगह–जगह गड्ढे बन गए हैं। बिखरे बोल्डर व गिट्टियों के कारण हर दिन गिरकर राहगीर घायल हो रहे हैं। यही हाल भरथुआ–बालेपुर मार्ग का है। रामपुर से लेकर मगहरा तक यह सड़क इस कदर टूट गई है कि हर रोज राहगीर घायल हो रहे हैं। कोला–खिरसर मार्ग भी जर्जर है। मनिहारी–महुअवा, पड़री झिल्लीपार–सिसई मार्ग का भी यही हाल है। भटनी–भाटपाररानी मार्ग बदहाल भटनीरू भटनी–भाटपाररानी मार्ग पर जगह–जगह गड्ढे बन गए हैं। इस रोड पर चलना मुश्किल हो गया है। भटनी नगर के नकहनी चौराहा के समीप गड्ढे में लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। इसके अलावा तेनुआ, बेहराडाबर, भरहेचौरा, संवरेजी के सामने भी सड़क जगह–जगह टूट गई है। करीब 12 किलोमीटर लंबी इस सड़क पर यात्रा कठिन हो गया है। मुसैला से भागलपुर जाने वाली सड़क पर बने गड्ढेः मुसैला से भागलपुर जाने वाली सड़क की ऊपरी सतह उखड़ गई है। कई जगहों पर गड्ढे बन गए हैं। मुसैला–मगहरा के बीच सड़क की गिट्टियां बिखर गई हैं। इसके अलावा चेरो से कसिली होकर सतरांव तक जाने वाली सड़क भी खस्ताहाल है। बरठी गांव के सामने सड़क में बड़े–बडे गड्ढे बन गए हैं।

1626 की रिपोर्ट निगेटिव, एक भी नया केस नहीं

देवरिया। जिले में कोरोना संक्रमण का एक भी मरीज नहीं है। फिर भी स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से मुस्तैद है और लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक कर रहा है। तीसरी लहर की आशंका में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट है। जिला अस्पताल, महिला अस्पताल के अलावा सीएचसी व पीएचसी पर लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सोमवार को आई कोरोना जांच रिपोर्ट में 1626 निगेटिव रहे। एक भी रिपोर्ट पाजिटिव नहीं आई। जिले में अभी तक 218 लोगों की कोरोना से मौत हुई है। जिले में एक भी सक्रिय केस नहीं है। अभी तक 19994 लोग इलाज कराकर स्वस्थ हो चुके हैं। चौबीस घंटे में 1448 लोगों की कोरोना जांच की गई। कुल 834446 लोगों की जांच की जा चुकी है। गांवों में आशा बहुएं व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लोगों को कोरोना प्रोटोकाल का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक कर रही हैं। हालांकि कोरोना संक्रमण नहीं होने से लोग लापरवाही बरत रहे हैं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग लोगों को आगाह कर रहा है लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं हो रहे। सब्जी मंडी, अस्पताल व रोडवेज में लोगों को बिना मास्क के भीड़ के बीच धक्का खाते देखा जा सकता है।

मरीजों से पटा जिला अस्पताल, सभी बेड फुल

देवरिया। मौसम के बदलते मिजाज के बीच वायरल फीवर, सर्दी, खांसी व जुकाम के मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है। मेडिकल कालेज से संबद्ध जिला अस्पताल के सभी बेड मरीजों से फुल हो गए हैं। इमरजेंसी के बाद वार्ड में जगह नहीं होने से मरीजों को रेफर किया जा रहा है। अधिकांश मरीजों को दवाएं देकर घर पर ही आराम करने सलाह डाक्टर दे रहे हैं। ऐसे में दूर–दूर से आए मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। मरीजों को सबसे पहले बुखार हो रहा है। उसके बाद सिर में दर्द, गले में खरास, भूख न लगना, दवा खाने के बाद बुखार छोड़ देना और दवा का असर समाप्त होते ही फिर से बुखार चढ़ जाना आदि इसके लक्षण हैं

। मरीजों को काफी परेशानी होने लग रही है। हाल यह है कि जिला अस्पताल की इमरजेंसी में मरीजों के आने के बाद उन्हें डाक्टर गंभीरावस्था में वार्ड में भर्ती कर रहे हैं। मेल मेडिकल, महिला सर्जिकल के सभी बेड फुल हैं। इमरजेंसी में एक बेड खाली हो रहा है तो दो मरीज बेड खाली होने का इंतजार में खड़े रह रहे हैं। बेड खाली होते ही यहां मरीजों को लिटाने में होड़ लग जा रही है।

इमरजेंसी में बैठने के लिए बने सीमेंट के स्थान पर मरीजों को लिटा कर उनका इलाज किया जा रहा है। कई मरीजों को बेड के अभाव में इमरजेंसी के बाहर से ही वाहनों को बाहर से ही घुमा कर प्राइवेट अस्पतालों में जाते देखा गया। प्राइवेट अस्पतालों में भी वायरल फीवर के सर्वाधिक मरीज हैं। सोमवार को दिन में 12 बजे तक ही अस्पताल में मरीजों का इलाज हुआ, इस दौरान 548 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया।

बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

सलेमपुर, देवरिया । कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर–रौनीगंगा चक गांव के सामने सोमवार को दो बाइक सवारों के बीच आमने–सामने हुई टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें दो का गंभीरावस्था में इलाज चल रहा है जबकि एक की जिला चिकित्सालय ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। भाटपाररानी थाना क्षेत्र के शंकरपुरा गांव के रहने वाले आलोक मणि तिवारी पुत्र ऋषिकेश मणि त्रिपाठी कार्य से बाइक से सलेमपुर जा रहे थे। वे अभी रौनीगंगा चक गांव के सामने पहुंचे थे कि सामने से तेज रफ्तार में आ रही बाइक से आमने–सामने टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर बिहार के सिवान जनपद अंतर्गत हुसैनगंज थाना क्षेत्र के खानपुर खैराटी गांव के रहने वाले हुसैनगंज गुफरान उर्फ जेपी बाबू पुत्र साहब हुसैन व संतोष यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें गुफरान को जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने घटना की सूचना गुफरान के घर दी और कुछ ही समय में उसके स्वजन अस्पताल पहुंच गए और वहां उसके शव से लिपट दहाड़े मार का रोने लगे। दोनों अन्य घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर ले जाया गया जहां डाक्टर ने जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहां भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर डाक्टरों ने दोनों को मेडिकल कालेज भेज दिया। करंट की चपेट में आने से युवक की मौतः रुद्रपुर, देवरिया । कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जंगल पिपरा में सोमवार को पंखा लगाते समय एक युवक करंट की चपेट में आ गया। स्वजन इलाज के लिए उसे गौरीबाजार सीएचसी इलाज ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया।

एड्स से भी खतरनाक है हेपेटाइटिस बीः डा. वी.के. वर्मा

होम्योपैथी में है पीलिया का रामबाण इलाज

बस्ती। खून में बिलीरुबिन का स्तर बढ़ जाने के कारण त्वचा, नाखून और आंखों का सफेद भाग पीला दिखने लगता है। ये पीलिया रोग के लक्षण हैं। पीलिया से पीड़ित मरीज का समय पर इलाज ना हो तो रोगी को लम्बे समय तक झेलना पड़ता है। कई बार यह जानलेवा हो जाता है। बस्ती के जिला अस्पताल में आयुष विभाग के नोडल अधिकारी डा. वी.के. वर्मा कहते हैं कि इस रोग में लिवर कमजोर होकर काम करना बंद कर देता है। वैसे हर पद्धति में पीलिया रोग का इलाज है लेकिन आयुर्वेद और होमियोपैथ में इसका रामबाण इलाज है।गन्ने का रस पीलिया के इलाज में अत्यंत लाभकारी होता हैं। दिन में तीन से चार बार सिर्फ गन्ने का रस पीया जाए तो इससे बहुत ही लाभ होता हैं। सत्तू खाकर गन्ने का रस सेवन किया जाय तो सप्ताह भर में ही पीलिया ठीक हो सकता है। गेहूं के दाने के बराबर सफेद चूना गन्ने के रस में मिलाकर सेवन किया जाय तो जल्द से जल्द पीलिया दूर हो जाता है।गिलोय का रस शहद में मिलाकर सुबह–सुबह सेवन करने से पीलिया रोग दूर होता है। इसके अलावा कच्चे व पके पपीते का सेवन भी पीलिया रोग में काफी लाभप्रद हेता है। कच्चे पपीते से बनी सब्जी भी खा सकते हैं लेकिन इसमे मसालों का इस्तेमाल न करें।पीलिया रोग में दही का सेवन करने से लक्षणों को कम करने में बहुत अधिक लाभ पहुंचाता है। जीरा और सेंधा नमक इच्छानुसार इसमे मिला सकते हैं। इसके अलावा पीलिया रोग में रोज सुबह–शाम 1–1 गिलास छाछ या मट्ठा में सेंधा नमक मिलाकर पिएं। छाछ, सेंधा नमक पीलिया जल्दी ठीक करने में सहायक है।हेपेटाइटिस बी एड्स से भी कई गुना खतरनाक है। यह पीलिया का बिगड़ा हुआ रूप है। रोगी को समय से इलाज न मिलने या रोग की अनदेखी करने से यह हेपेटाइटिस बी का रूप ले लेता है जो जानलेवा हो सकता है। इसलिये पीलिया के लक्षण दिखते ही खानपान और दिनचर्या में बदलाव लाते हुये तुरन्त चिकित्सक से संपर्क करना चाहिये।हेपेटाइटिस बी या पीलिया रोग से निजात दिलाने में होम्योपैथी बेहद कारगर है। चाइना, चेलिडोनियम, कारडुअस, कालमेघ–क्यू, ब्रायोनिया, मर्कसाल, फासफोरस, नैट्रमम्योर, फेरममेट सभी 30 या 200 के पॉवर में चिकित्सक की देखरेख में लक्षणानुसार ली जा सकती हैं।

पैकोलिया पुलिस ने किया गुमशुदा व्यक्ति को बरामद

बस्ती। आसाराम पुत्र चन्द्रशेखर निवासी ग्राम खर्थुवा थाना पैकोलिया जनपद बस्ती के द्वारा बताया गया कि मेरा भाई पिंटू उर्फ सदानंद पुत्र चन्द्रशेखर घर पर बिना बताये कहीं चला गया है जिसके सम्बन्ध में थाना पैकोलिया जनपद बस्ती पर गुमशुदगी दर्ज की गयी थी । आज दिनांक 24.08.2021 को उ0नि0 अलाउद्दीन खां थाना पैकोलिया के अथक प्रयासो से गुमशुदा व्यक्ति पिंटू उर्फ सदानंद पुत्र चन्द्रशेखर निवासी ग्राम खर्थुवा थाना पैकोलिया जनपद बस्ती को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया । परिजनों द्वारा थाना पैकोलिया पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भूरी–भूरी प्रशंसा की गयी ।बरामद करनें वाली पुलिस टीम उ0नि0 अलाउद्दीन खां थाना पैकोलिया जनपद बस्ती,का0 श्याम सिंह यादव थाना कोतवाली जनपद बस्ती रहे ।

शोरूम तथा दुकान खोलने के लिए मिलेगा ऋण,करे आवेदन

बस्ती । एक जनपद एक उत्पाद (ओ0डी0ओ0पी0) के अन्तर्गत शोरूम तथा दुकान खोलने के लिए ऋण दिया जायेंगा। उक्त जानकारी उपायुक्त उद्योग उदय प्रकाश ने दी है। उन्होने बताया कि योजना के अंतर्गत जनपद का चयनित उत्पाद फर्नीचर एवं सिरका है। उन्होने बताया कि इस उद्योग सेवा एवं व्यवसाय में लाभार्थी की उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। शैक्षणिक योग्यता की बाध्यता नहीं है। ऐसे लोग शोरूम एवं दुकान खोलने के लिए वेबसाइट कपनचउेउम.नचेकब.हवअ.पद पर आवेदन कर सकते है। इसमे 25 लाख तक 25 प्रतिशत मार्जिन मनी की छूट दी जाएगी तथा 25 लाख से ऊपर के प्रोजेक्ट पर अधिकतम 20 लाख तक की छूट प्रदान की जाएगी।

सरकार की गड्ढा मुक्त अभियान को आइना दिखाता लालगंज–बानपुर मार्ग,स्थानीय लोगों में रोष

बस्ती । विकास खंड कुदरहा क्षेत्र के लालगंज से बानपुर तक जाने वाली सड़क गड्ढों में बदल चुकी है। इससे दर्जनभर से अधिक गांव के लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के गड्ढों में गिरकर आए दिन राहगीर और छात्र–छात्राएं चोटिल हो रहे हैं। मार्ग की मरम्मत ना होने से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। लालगंज से बानपुर मार्ग की लंबाई करीब 7 किलोमीटर है। यह मार्ग लंबे समय से खराब है। गहरे गड्ढों में तब्दील यह मार्ग बारिश के मौसम में तालाब जैसा नजर आता है ।उसमें राहगीरों के लिए दिक्कतें पैदा होती हैं ।यह सिसई बाबू, सिसई पंडित, काबरा खास, हर्रैया, मंझरिया, बन्नी, बक्सरी, कचनी, कोप, सिद्धनाथ, ठोकवा, बनकटवा आदि गांव के लोगों का मुख्य संपर्क मार्ग है। इन गांवों के लोग इसी से होकर ब्लॉक मुख्यालय व लालगंज बाजार पहुंचते हैं। स्थानीय निवासी बबलू कुमार, रामसहाय, रामकिशोर, प्रेमचंद, दिलीप कुमार, रमेश यादव, बीहड प्रसाद यादव, राजेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र कुमार, ज्ञानचंद, गोपाल विश्वकर्मा, अनिल यादव सुनील कुमार, चित्रसेन यादव, पिंटू शर्मा, किशुन यादव, रंजीत कुमार, लवकुश, संदीप, लच्छन यादव, योगेंद्र नाथ, संजय, भानू सिंह, सूरज यादव, नीरज कुमार, देवेंद्र, अजय, लवकुश, मोहन, कौशल कुमार,प्रिया यादव,कुशुम, नेहा यादव, सुप्रिया सिंह, शालिनी अग्रहरी, प्रिया पटेल बलवंत कुमार, इत्तेफाक अली आदि ने बताया कि इसके निर्माण की कई बार मांग की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है ।अगर जल्द ही मार्ग का मरम्मत नहीं किया गया तो एक बड़ा आंदोलन करने पर स्थानीय लोग मजबूर होंगे ।

चित्रांश क्लब की महिला विंग ने किया मेहदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन

बस्ती। सामाजिक संस्था चित्रांश क्लब की महिला विंग की ओर से महामंत्री प्रतिमा श्रीवास्तव के मड़वानगर स्थित आवास पर मेहदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें ऐसे प्रतिभागियों को अवसर प्रदान किया गया जिन्हे अपना हुनर दिखाने के लिये प्लेटफार्म नही मिलता। गीता मोहन एवं शालिनी मिश्रा प्रतियोगिता की निर्णायक रहीं। क्रमशः अन्नू को प्रथम, आंचल को द्वितीय और रंजना को तीसरा स्थान मिला।प्रतियोगिता में साधना गौड़, मनसा, खुशी, प्रिया, अर्चना, अन्जू, सविता, सीमा, मीना, पिंकी, कोमल, शीतल, रिंकी गौतम, रिया गुप्ता, सोनिया कसौधन सहित कुल 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी को प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। क्लब की अध्यक्ष संध्या दीक्षित ने कहा समाज मे ऐसी तमाम प्रतिभायें हैं जिन्हे अवसर और मंच मिले तो वे जनपद का मान बढ़ा सकती हैं। चित्रांश क्लब का यह प्रयास निश्चित रूप से प्रतिभागियों का आत्मबल बढ़ायेगा। उन्होने सभी पदाधिकारियों व प्रतिभागियों को कार्यक्रम को सार्थक और सफल बनाने के लिये धन्यवाद दिया। क्लब की संस्थापिका रेखा चित्रगुप्त, संध्या पाण्डेय, संज्ञा श्रीवास्तव, शीला पाठक, आभा बाजपेई, अपराजिता, रेनू श्रीवास्तव तथा गीता पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा। क्लब की पदाधिकारियों ने कहा आगे इसी तरह और भी रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत धान की खरीद 01 नवम्बर से 28 फरवरी तकः डीएम

बस्ती। जनपद में समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत धान की खरीद 01 नवम्बर 2021 से 28 फरवरी 2022 तक की जायेंगी। उक्त जानकारी जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने दी है। उन्होने बताया कि धान की बिक्री के लिए कृषकगण खाद्य विभाग के पोर्टल बि.नच.हवअ.पद पर अनिवार्य रूप से अपना पंजीकरण करा लें ।उन्होने बताया कि किसान भाई पंजीकरण के समय अपने आधार कार्ड में दिये गये मेबाइल नम्बर ही अंकित कराये। यदि मोबाइल नम्बर आधार कार्ड से लिंक नही है तो एक सप्ताह के भीतर वर्तमान मोबाइल नम्बर से आधार कार्ड को लिंक कराये। इससे एसएमएस द्वारा प्रेषित ओ0टी0पी0 को भरकर पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी होगी ।उन्होने बताया कि पंजीकरण किसी भी सहज जनसुविधा केन्द्र, साईवर कैफे या स्वयं से खाद्य विभाग के पोर्टल पर कराया जा सकता है। पंजीकरण के लिए कम्प्यूटराइज्ड खतौनी, फोटोयुक्त पहचान पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर आवश्यक होगा। पंजीकरण की प्रक्रिया 30 अक्टूबर 2021 तक पूरी कराये ।इस संबंध में डिप्टी आरएमओ गोरखनाथ तिवारी ने बताया कि किसान भाई अपनी कम्प्यूटराइज्ड खतौनी का खाता संख्या पंजीकरण में दर्ज कर अपने कुल रकबे को एवं बोये गये धान के रकबे को अंकित करेंगें तथा अपने हिस्सेदारी की सही–सही घोषणा पंजीकरण में करेंगे। उन्होने अपील किया है कि किसान भाई अपना बैंक खाता सीबीएस बैंक में ही खुलवाये व आईएफएससी कोड भरने में विशेष सावधानी रखे। पीएफएमएस माध्यम से तेज गति से भुगतान कराने के लिए किसानों को चाहिए कि वे अपने एकल बैंक खाते का नम्बर पंजीकरण में दें।

तहसील सभागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

हरदोई। मंगलवार 24 अगस्त को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ उत्तर प्रदेश तथा माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान मे तहसील सभागार मे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । शिविर मे बच्चों के मैत्रीपूर्ण योजनाओं एवं बाल विकास सेवा योजना विषय पर जानकारी दी गयीं। शिविर की अध्यक्षता करते हुए प्रसासनिक अधिकारी दामोदर प्रसाद बाजपेयी ने बताया कि बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण व लाभकारी योजनाए संचालित की जा रही

है। जिसमे समेकित बाल संरक्षण योजना महिला बाल विकास मंत्रालय,भारत सरकार की एक विस्तृत योजना है।जिसका उद्देश्य देश के बच्चों के लिए एक संरक्षण कारी वातावरण तैयार करना है। देखरेख ,संरक्षण के बाल–मैत्रीपूर्ण ढंग से गलीकूंचो और कामकाजी बच्चो के लिए योजना कार्य करती है। साथ ही समस्त पी. एल वी. ने विधिक सेवा प्राधिकरण व बाल सेवा योजना के विषय पर जानकारी दी।जिसमे पी एल वी अमित कुमार सिंह ,धर्मनारायण दीक्षित,संजीव कुमार, कीर्ति कश्यप,रिंकू सिंह, ललित कुमार गुप्ता ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा कई योजनाओं का लाभ पात्र ध्पीड़ित व्यक्तियों को दिलाने का कार्य करता है। लीगल एड क्लीनिक संचालक फरहान सागरी ने संचालन करते हुए आगामी माह में होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन की जानकारी दी। इस मौके पर शिविर राजस्व निरीक्षक इरशाद अहमद,लेखपाल विनीत यादव,लेखपाल श्रीपाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

घर मे हुई लाखो रुपए के सामान के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। अमरेन्द्र प्रसाद सिंह के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री विनोद कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजकुमार त्रिपाठी के निकट पर्यवेक्षण में थाना राबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा शीतला चौक कस्बा राबर्ट्सगंज के पास संदिग्घ वाहनध्व्यक्तियो की चेकिंग किया जा रहा था कि जरिए मुखबिर खास सूचना मिली की चण्डी होटल के आगे ओवर ब्रिज के पास हाईवे पर एक व्यक्ति दो बोरों मे चोरी का माल लिए खड़ा है कही जाने के फिराक मे वाहन का इन्तजार कर रहा है यदि जल्दी किया जाये तो पकड़े जा सकता है। इस सूचना पर पुलिस बल द्वारा मौके पर पहुंच कर 01 नफर अभियुक्त राजन बाबू पुत्र सुपुत राम निवासी अम्बेडकर नगर कस्बा व थाना राबर्ट्सगंज सोनभद्र को

गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो बोरो में का बरामद किया गया । बरामद माल के 01 अदद एल0ई0डी0 टी0वी0 52 इंच ,01 अदद विडियो कैमरा सोनी कम्पनी व 02 अदद डीजिटल फोटो कैमरा निकान कम्पनी से संबंधित है । मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भा0द0वि0 की वृद्धि कर अभियुक्त राजन बाबू उपरोक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया ।

बारे में पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया कि मै अपने साथी सिन्टू पुत्र छेदीलाल निवासी पकरी थाना राबर्ट्सगंज के साथ मिलकर 20ध्21.08.2021 की रात मे सीढ़ी के ऊपर लगे सीमेन्ट सीट को तोड़कर मकान मे घुसकर अम्बेडकर नगर मोहल्ले से चोरी किया था जिसे आज बाहर बेचने के लिए ले जा रहा था । बरामद माल मु0अ0सं0 451ध21 धारा 457,380 भा0द0वि0 से संबंधित है । मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भा0द0वि0 की वृद्धि कर अभियुक्त राजन बाबू उपरोक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया ।

प्रबुद्ध वर्ग के सम्मान सुरक्षा विचार संगोष्ठी का आयोजन हुआ संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

हरदोई । उत्तर प्रदेश बसपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में ब्राह्मण सम्मान विचार प्रबुद्ध के संगोष्ठी की जिम्मेदारी राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र मिश्रा एवं नकुल दुबे पूर्व मंत्री के नेतृत्व में ब्राह्मण सभा का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा सरकार में हो रहे ब्राह्मण समाज पर अत्याचार हत्याएं फर्जी एनकाउंटर आदि के मामले चरम सीमा पर बढ़े है इसलिए सभी ब्राह्मण समाज बीएसपी में ही सुरक्षित रह सकता है क्योंकि इसके पूर्व भी 2007से2012 में बीएसपी सरकार में हर स्तर पर ब्राह्मणों को 85सीटे मे से 47सीटे जीतकर विधान सभा में पहुंचे थे। और सभी को मुख्य जिम्मेदारी देकर सम्मान किया गया। और सर्व समाज के लोग सुरक्षित रहे हैं। प्रबुद्ध वर्ग सम्मान सुरक्षा विचार संगोष्ठी का आयोजन मुख्य अतिथि सतीश चन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में गांधी भवन में ब्राह्मणों ने शंख बजाकर भगवान परशुराम के जयकारों से गूंजा हाल

श्री मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार बनी है तब से ब्राह्मणों को टारगेट किया जा रहा है ।उनके ऊपर फर्जी एनकाउंटर जबरदस्ती घर में घुसकर उनकी हत्या करना बलात्कार महंगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर है। 40 मिनट के अभिवादन में सपा व भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा और सभी से अपील करते हुए कहा कि बीएसपी की सरकार 2022में बनानी चाहिए तभी सर्व समाज सुरक्षित रह पाएगा अन्यथा इसी प्रकार से आए दिन प्रताड़ित होते रहेंगे। और ऐसी घमंड व तानाशाही सरकार को उखाड़ कर फेंकना ही होगा और अमन–चौन की सांसे हम सभी लोग ले पाएंगे ऐसे हालात उत्तर प्रदेश से लगाकर देश के हर नागरिक जूझ रहा हैं। सीमाओं पर जवान सुरक्षित नहीं है किसान, बेरोजगार बेरोजगारी, महंगाई से त्रस्त है। श्री दुबे ने अपील करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की पांचवी बार बीएसपी की सरकार बनाए ब्राह्मण समाज व सर्व समाज का भला तभी होगा।राहुल तिवारी सवायजपुर विधानसभा प्रभारी ने भगवान परशुराम का फर्शा देकर सम्मानित किया, मुकुंद पाल वर्मा सेक्टर प्रभारी ने गणेश की मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया एमपी आजाद प्रदेश प्रभारी ने संविधान की किताब देकर सम्मानित किया।मंजू देवी जिला पंचायत सदस्य जिला ने गणेश जी को मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया मंच पर उपस्थित नकुल दुबे पूर्व मंत्री, अरुण द्विवेदी, नागेश्वर त्रिवेदी, सुनील पांडे एडवोकेट, डॉ रामकुमार कुरील पूर्व एमएलसी, राजेश शुक्ला, स्वाती शुक्ला, राहुल तिवारी माणिकअग्निहोत्री जिला उपाध्यक्ष, नीलकमल बाजपेई, सुरेश चौधरी जिलाध्यक्ष, रणधीर बहादुर सिंह मुख्य जोनल कोऑर्डिनेटर, मुकुंद पाल वर्मा सेक्टर प्रभारी लखनऊ मंडल, सूर्यकांत निराला सेक्टर प्रभारी लखनऊ मंडल, सुनील शर्मा सेक्टर प्रभारी लखनऊ मंडल, सोनू भारती सेक्टर प्रभारी लखनऊ मंडल, एमपी आजाद पूर्व प्रदेश प्रभारी, मंजू देवी जिला पंचायत सदस्य शाहाबाद, रवि वर्मा जिला पंचायत सदस्य मल्लावां, प्रमोद सहगल, सत्यपाल सिंह, फूलचंद वर्मा गोपामऊ विधानसभा प्रभारी, आदि जिम्मेदार पदाधिकारी मौजूद रहे।

खुदाई के दौरान भगवान विष्णु की प्राप्ति हुई मूर्ति

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। घोरावल तहसील क्षेत्र के वीरकला (मंदहा)गांव में सोमवार को मकान निर्माण के लिए नींव की खुदाई करने के दौरान जमीन के नीचे भगवान विष्णु की प्राचीन मूर्ति मिलने का मामला प्रकाश में आया है।जानकारी के अनुसार वीरकला गांव में मलधर आदिवासी पुत्र दद्दी मकान का निर्माण कार्य करा रहे हैं।सोमवार को मजदूर लोग नींव की खुदाई कर रहे थे।खुदाई करने के दौरान उन्हें एक मूर्ति का अंश दिखाई पड़ा।इस पर वे लोग सावधानी बरतते हुए मिट्टी हटाया।जब पूरी प्रतिमा जमीन से निकाली गई तो भगवान विष्णु की दिव्य मूर्ति देखकर लोग आश्चर्यचकित हो गए।मूर्ति मिलने के बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।मिली मूर्ति की लंबाई डेढ़ फीट बताई गई है।उपस्थित सभी लोगों ने भगवान विष्णु जी का भव्य मंदिर बनवाने के लिए कहा।उधर मूर्ति की पूजा अर्चना भी शुरू हो गई है।बताते चलें कि घोरावल तहसील क्षेत्र में कई जगहों पर पुरातात्विक महत्व की प्रस्तर प्रतिमाएं मिली हैं।शिवद्वार, सतद्वारी, बर कन्हरा, देवगढ़ इत्यादि स्थानों पर पूर्व में कई मूर्तियां मिल चुकी हैं।जानकर लोगों का मानना है कि घोरावल क्षेत्र प्राचीन काल में शिल्पकला एवं मूर्तिकला का गढ़ रहा है और यहां बहुत से जगहों पर जमीन के नीचे प्रतिमाएं दबी पड़ी हैं।इस अवसर पर लक्ष्मी शुक्ला,प्रभाशंकर पाठक,प्रवीण त्रिपाठी,आशीष त्रिपाठी,दीपक शुक्ला, निखिल चतुर्वेदी,हरीश आदिवासी, रामनारायण,डंगर,कट्टु आदि उपस्थित रहे।

कई मोहल्लों में तीसरे दिन भी जलभराव से सांसत में लोग

देवरिया। शहर के विभिन्न मोहल्लों में कई दिनों से जलभराव से लोग सांसत में है। लोगों को पानी से होकर आना व जाना पड़ रहा है। इसके चलते उनकी परेशानी बढ़ गई है। लोगों में जलनिकासी का इंतजाम न होने से नाराजगी है। शहर के साकेतनगर, रामनाथ देवरिया, उमानगर, चटनी गड़ही, गायत्रीपुरम, अंबेडकर नगर, अली नगर, देवरिया खास आदि मोहल्लों में पानी जमा है। साकेतनगर पूर्वी में लोगों को पानी के रास्ते आना जाना पड़ रहा है। लोग टूटी सड़क से गुजरते समय गिरकर चोटिल हो रहे हैं। मोहल्ले के शिक्षक चंद्रभूषण तिवारी के मकान से मामू की दुकान तक पानी जमा है। लोग रात में निकलने से डर रहे हैं। राम गुलाम टोला पूर्वी में बारिश के पानी से कई घर घिरे हैं। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज से संबद्ध जिला अस्पताल को जाने वाली सड़क किनारे पानी जमा है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में भी जलजमाव है। इसके अलावा बीएसए कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, कलेक्ट्रेट परिसर में भी जलभराव है। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नाजिर सदर, जिला निर्वाचन कार्यालय पंचायत एवं नगरीय निकाय, राजस्व अभिलेखागार के सामने पानी जमा है। पोस्टमार्टम हाउस परिसर में पानी भराः पोस्टमार्टम हाउस परिसर में अभी पानी जमा था। लोगों को पोस्टमार्टम के लिए शव लेकर पानी के रास्ते जाना पड़ा। रामलीला मैदान स्थित विद्युत उपकेंद्र परिसर में जमा पानीः बारिश का पानी कई दिनों से रामलीला मैदान स्थित विद्युत उपकेंद्र परिसर में जमा है। इसके चलते आने जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि फिसल होने से दिक्कत हो रही है।

करंट की चपेट में आने से पिता–पुत्री की मौत

सलेमपुर, देवरिया । मईल थाना क्षेत्र के जोगापुर गांव में सोमवार की सुबह केबल पर गीला कपड़ा पसारते समय करंट की चपेट में आए पिता व पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वजन दोनों को इलाज के लिए सीएचसी सलेमपुर ले गए। वहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जोगापुर गांव के रहने वाले व्यास तिवारी पुत्र धनुषधारी तिवारी के घर के पास से बिजली का तार गुजरा है। व्यास घर के बाहर हैंडपंप पर स्नान कर रहे थे। बिजली के खंभे से गया केबल के जरिये उनके घर में कनेक्शन लिया गया है। स्नान करने के बाद वह केबल पर सुखाने के लिए गीला कपड़ा पसार रहे थे। केबल कटा होने से वह करंट की उसके चपेट में आ गए। पिता को बचाने पहुंची 21 वर्षीय बेटी रीमा भी करंट की चपेट में आ गई। दोनों घायल होकर जमीन पर गिर गए। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन इलाज से पहले उन्होंने दम तोड़ दिया। व्यास तिवारी का इकलौता पुत्र शत्रुघ्न कोरोना कर्फ्यू में घर पर ही था। पिता उसे कोरोना के कारण बाहर नहीं जाने दे रहे थे। पिता से जिद कर वह एक दिन पहले अहमदाबाद गया है। वहां प्राइवेट फैक्ट्री में काम करता है। स्वजन उसे मोबाइल पर घटना की सूचना दिए हैं। दो मौतों से गांव में छाया मातमः घटना के बाद गांव के अधिकतर लोग सीएचसी सलेमपुर पहुंच गए। यहां भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सलेमपुर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। स्वजन अस्पताल परिसर में ही दोनों शवों से लिपटकर बिलख रहे थे। उधर गांव की महिलाएं दरवाजे पर पहुंची और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने में जुटी थीं। घर में चीख, पुकार से समूचा माहौल गमगीन है। एकसाथ दो मौतों से गांव में मातम का माहौल है।

विधानसभा चुनाव में छात्रों व युवाओं की होगी अहम भूमिकाःरमाशंकर यादव

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।प्रगतिशील समाजवादी पार्टी(लोहिया) के छात्र विंग की बैठक बुड़हर कला स्थित जिला कार्यालय पर छात्र सभा के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार साहनी के अध्यक्षता में सम्पन हुई।छात्र विंग के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रमाशंकर यादव ने कहा कि आज का समय नौजवानों और छात्रों का है इसलिए आगामी विधानसभा चुनाव में छात्रों और नवजवानों का अहम योगदान होगा।उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि सभी चौदह फ्रंटलो की टीम अपने–अपने विधानसभा में बूथ का गठन करे और विधानसभा में विजय पताका लहराये।वहीं जिला महासचिव अशोक मिश्रा एंव जिलासचिव बुल्लूर यादव,जिलासचिव हरिशंकर यादव उर्फ बाबा ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष

शिवपाल सिंह यादव उत्तर प्रदेश के जनप्रिय नेता है और दो हजार बाइस के विधानसभा चुनाव में सरकार बनाने में उनका अहम योगदान होगा।उन्ही के कंधे को मजबूत करने के लिए हम अपने जनपद के सभी विधानसभाओं को मजबूत कर रहे है।बैठक का नेतृत्व कर रहे छात्र सभा के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार साहनी ने कहा कि हमारे प्रदेश की राजनीति में छात्रों एवं युवाओं का सदैव योगदान रहा है।और आने वाले विधानसभा चुनाव में भी हम सबका योगदान होगा।इसीलिए आज छात्र सभा के सभी पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई है।उन्होंने कहा कि छात्र सभा जनपद के सभी बूथों का गठन करेगा।जिला उपाध्यक्ष ओम करुणा तिवारी,विकलांग सभा के अध्यक्ष जगनारायण यादव एंव जिला सचिव अमरनाथ कोल ने कहा कि हम समाजवादी सिपाही है और हमे समाजवाद की स्थापना करनी है इसलिए अब समय आ गया है कि हम गांव–गांव पहुंचे और अपने पार्टी के उद्देश्यों को लोगों तक पहुंचाए।और असली समाजवाद क्या है हमारी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी ही बतायेगी।विधानसभा घोरावल के प्रभारी सौरभ कान्त पति तिवारी एंव विधानसभा अध्यक्ष जगनारायण यादव ने कहा कि घोरावल की जनता परिवर्तन चाहती है।और इस बार हमारे विधानसभा को जमीनी स्तर के जनप्रतिनिधि की आवश्यकता है जो हर वर्ग के लिए सोचे।उक्त अवसर पर बुल्लर यादव ,अमरनाथ कोल,जग नारायण यादव,हरिशंकर यादव,अशोक सोनी,रिंकू भारती,उमेश कुमार यादव,राम दिनेश मद्धेशिया, सत्यप्रकाश, कमल कुमार यादव,मुकेश प्रजापति,दीपक कुमार,दिनेश केशरी,इस्तखार अंसारी,रमेश यादव,अब्दुल हन्नान अंसारी,ओम प्रकाश यादव,, सुलेमान अहमद,गणेश विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

हाईस्कूल एंव इन्टर मीडिएट में अंक सुधार के लिए होगी परीक्षाएं

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शासनादेश संख्या1645ध15– 7ध2021–(20) 2020 टीसी माध्यमिक शिक्षा अनुभाग दिनांक 17ध6ध21 के क्रम में सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के पत्रांक निर्देश के अनुपालन में वर्ष 2021 हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं के अंक सुधार हेतु इच्छुक पंजीकृत परीक्षार्थी जो परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं उन्हें आगामी बोर्ड परीक्षा में शुल्क दिए बिना अंक सुधार हेतु एक या एक से अधिक विषयों में परीक्षा में बैठने का अवसर दिया जाएगा तथा उनका परीक्षा फल 2021 का ही माना जाएगा उक्त शासनादेश 28ध6ध मैं निहित व्यवस्था के अंतर्गत अंक सुधार हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए18ध9ध 21 से 6ध 10ध21 के मध्य हाइस्कूल परीक्षा 12 दिवसों में एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा 15 दिवसों में आयोजित निम्न शर्तों के अधीन होगी परीक्षा हेतु आवेदन वेबसाइट, नच उंच, मकन, पद पर 17ध8ध21 से27ध8ध21तक करें प्रधानाचार्य प्राप्त करें प्राप्त आवेदनों परीक्षा विवरण तथा अनुक्रमांक विषयों आदि की सूचना बोर्ड की बेबसाइट पर बिद्यालय लागिग के माध्यम से 29ध8ध21 की मध्यरात्रि 12:00 बजे तक अपलोड करा दें अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदन के अनुसार जनपद वार विद्यालय वार बालक बालिकाओं की संख्या के आधार पर परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया जाएगा यथासंभव राजकीय विद्यालय ही परीक्षा केंद्र होंगे परीक्षा प्रस्तावित समय सारणी के अनुसार कराई जाएगी प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक पूर्ववत रहेंगे प्रयोगात्मक परीक्षा में अनुपस्थित छात्र चाहे तो आगामी परीक्षा हेतु सम्मिलित हो सकते हैं।

समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत धान की खरीद एक नवंबर से

बस्ती । जनपद में समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत धान की खरीद 01 नवम्बर 2021 से 28 फरवरी 2022 तक की जायेंगी। उक्त जानकारी जिलाधिकारी श्रीमती सौम्या अग्रवाल ने दी है। उन्होने बताया कि धान की बिक्री के लिए कृषकगण खाद्य विभाग के पोर्टल बिण्नचण्हवअण्पद पर अनिवार्य रूप से अपना पंजीकरण करा लें। उन्होने बताया कि किसान भाई पंजीकरण के समय अपने आधार कार्ड में दिये गये मोबाइल नम्बर ही अंकित कराये। यदि मोबाइल नम्बर आधार कार्ड से लिंक नही है तो एक सप्ताह के भीतर वर्तमान मोबाइल नम्बर से आधार कार्ड को लिंक कराये। इससे एसएमएस द्वारा प्रेषित ओ0टी0पी0 को भरकर पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी होगी।

उन्होने बताया कि पंजीकरण किसी भी सहज जनसुविधा केन्द्र, साईवर कैफे या स्वयं से खाद्य विभाग के पोर्टल पर कराया जा सकता है। पंजीकरण के लिए कम्प्यूटराइज्ड खतौनी, फोटोयुक्त पहचान पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर आवश्यक होगा। पंजीकरण की प्रक्रिया 30 अक्टूबर 2021 तक पूरी कराये। इस संबंध में डिप्टी आरएमओ गोरखनाथ तिवारी ने बताया कि किसान भाई अपनी कम्प्यूटराइज्ड खतौनी का खाता संख्या पंजीकरण में दर्ज कर अपने कुल रकबे को एवं बोये गये धान के रकबे को अंकित करेंगें तथा अपने हिस्सेदारी की सही–सही घोषणा पंजीकरण में करेंगे। उन्होने अपील किया है कि किसान भाई अपना बैंक खाता सीबीएस बैंक में ही खुलवाये व आईएफएससी कोड भरने में विशेष सावधानी रखे। पीएफएमएस माध्यम से तेज गति से भुगतान कराने के लिए किसानों को चाहिए कि वे अपने एकल बैंक खाते का नम्बर पंजीकरण में दें।

जिला आबकारी अधिकारी ने किया शराब गोदामों का औचक निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

हरदोई। मंगलवार को हरदोई शहर में देशी शराब गोदामों व

विदेशी शराब गोदामों का जिलाआबकारी अधिकारी रवीशंकर द्वारा औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरों के सुचारू रूप से कार्य करने, साफ– सफाई, स्टॉक व निकासी रजिस्टर आदि का बारीकी से निरीक्षण किया गया। साथ ही शराब गोदाम मालिकों (थोक शराब विक्रेताओं) को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, निरीक्षण के दौरान जिलाआबकारी अधिकारी रविशंकर वर्मा शहर आबकारी निरीक्षक रामअवध सरोज मय आबकारी टीम मौजूद रहे।

जननायक पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को भाजपाइयों ने श्रद्धांजलि अर्पित की

सीतापुर। राम जन्मभूमि आंदोलन के नायक पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह के निधन पर भाजपा जिला अध्यक्ष व सांसद सहित पार्टी नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। स्वर्गीय कल्याण सिंह के निधन का समाचार सुनकर भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, पिछड़ा वर्ग कल्याण संबंधी संसदीय समिति के चेयरमैन व सांसद राजेश वर्मा, विधायक ज्ञान तिवारी, महेंद्र यादव, सुनील वर्मा, रामकृष्ण भार्गव, शशांक त्रिवेदी, सुरेश राही, विश्राम सागर राठौर, संजय मिश्रा, नैमिष रतन तिवारी, नीरज वर्मा झल्लर, सचिन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने लखनऊ प्रदेश कार्यालय पहुंचकर स्वर्गीय कल्याण सिंह के पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन चढ़ा कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा सहित मौजूद पार्टी पदाधिकारियों ने स्वर्गीय कल्याण सिंह के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देकर 2 मिनट का मौन रखा गया। जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कल्याण सिंह के निधन को राजनीति की अपूरणीय बताते हुए कहा कि उनके जैसे विरले राजनेता सदियों में कभी.कभी होते हैं राम मंदिर निर्माण के मजबूत संकल्प के साथ अपनी कुर्सी का त्याग कर राममंदिर आंदोलन को परिणाम तक पहुंचाने के उनके अमूल्य योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आदर्श व सुचिता की राजनीति की प्रदेश में वह मिसाल थे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्वर्गीय कल्याण सिंह हमेशा हम सब के दिलो में रहेंगे।पिछ?ावर्ग कल्याण संबंधी संसदीय समिति चेयरमैन व सांसद सांसद राजेश वर्मा ने कल्याण सिंह को विराट व्यक्तित्व वाला महान राजनेता बताते हुए कहा कि अपने राजनीतिक कौशल व मजबूत इरादों से उन्होंने उत्तर प्रदेश के जनमानस में अपनी अलग जगह बनाई है। सांसद ने कहा कि स्वर्गीय कल्याण सिंह केवल भाजपा के ही नहीं आम जन के नेता थे उनकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती। सांसद राजेश वर्मा ने स्वर्गीय कल्याण सिंह को राजनीति का शिखर पुरुष बताया।

जिला महा मंत्री विश्राम सागर राठौर ने स्वर्गीय कल्याण सिंह को राजनीति का आदर्श पुरुष बताया। जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा ने स्वर्गीय कल्याण सिंह को राममंदिर आंदोलन का प्रणेता बताते हुए कुशल व मजबूत इरादों वाला राजनेता बताया। कल्याण सिंह के निधन पर पूनम मिश्रा, श्रीमती नीरज वर्मा, पूर्व विधायक राकेश सिंह, भरत त्रिपाठी, पूर्व मंत्री रामहेत भारती, विश्राम सागर राठौर, राजेश्वर रस्तोगी, संजय मिश्रा, रोहित भारती, राजेश शुक्ला, रोहित सिंह, नैमिष रतन तिवारी, अनिल सिंह आदि ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

मार्ग दुर्घटनाओं में एक दर्जन से अधिक घायल, एक महिला की मौत

सिधौली (सीतापुर)। रक्षाबंधन त्यौहार में काफी मात्रा में उमड़ी भीड़ में कई लोग सड़क हादसों का शिकार हो गए। जिसमें एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए। वहीं एक महिला की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

सिधौली तहसील क्षेत्र के अटरिया थाना के उमा पुरवा, मजरा सरौरा निवासी उमा 45 पत्नी हनुमान अपने भतीजे के साथ मायके जा रही थी। अटरिया इलाके में कबरन के निकट उसकी बाइक एक टेम्पो से टकरा गई। जिससे महिला घायल हो गयी। जिन्हें सिधौली सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया। जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। इसी प्रकार हाइवे पर महमूदाबाद चौराहे के निकट सड़क पार कर रही महिला को बचाने के चलते बाइक सवार हुए अनियंत्रित बाइक पर सवार दो मासूम सहित 5 लोग घायल हो गये। अटरिया थाना क्षेत्र के मनवा निवासी दिनेश कुमार 30 पुत्र मुल्लू अपनी पत्नी शैल कुमारी 28 व दो बच्चों शालू 3 शीलू एक वर्ष व कमलापुर थाना के कुशमौरा निवासी प्रेमा 35 पत्नी राजाराम को लेकर कमलापुर के मास्टरबाग अपनी ससुराल राखी बंधवाने जा रहा था। महमूदाबाद चौराहा के निकट हाइवे पारकर रही महिला को बचाने के चलते तेज रफ्तार बाइक अनियन्त्रित हो गयी। जिससे बाइक सवार पांचों लोग बाइक सहित हाइवे पर गिर गए और सभी घायल हो गये। स्थानीय लोगों की सूचना पर 108 एम्बुलेश ने सभी घायलों को सीएचसी सिधौली में भर्ती करवाया। जहां से दिनेश को हालत को गम्भीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफ र कर दिया है। जिसकी जिलास्पताल में व हाइवे पर वीरेंद्र मिश्रा निवासी झरेखापुर थाना हरगांव आज रक्षा बन्दन त्योहार पर सिधौली कोतवाली बेहमा गांव जा रहा था। सुरैंचा के निकट अचानक 1 सांड से उसकी बाइक टकरा गई। उसकी पत्नी 35 वर्ष, 5 वर्षीय पुत्री प्रिया वह 7 वर्षीय पुत्री प्रियंका चोटिल हो गई। हाईवे पर तैनात एक होमगार्ड द्वारा उसे एंबुलेंस बुलवाकर सिधौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां पर उसका प्राथमिक इलाज किया गया।।

दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

सिधौली (सीतापुर)। खरवलिया ग्राम पंचायत के दर्जनों ग्रामीण जिला पंचायत सदस्य प्रेमदीप जायसवाल के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर जिलाधिकारी को सम्बोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा और निराश्रित गौवंशों द्वारा बर्बाद की जा रही फसलों की समस्याओं से अवगत कराया और समाधान की मांग की। संपूर्ण समाधान दिवस में जिला पंचायत सदस्य प्रेमदीप जायसवाल के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण सिधौली कस्बा स्थित समाधान दिवस में पहुंचे और बताया कि गांव में लगभग एक सैकड़ा से अधिक निराश्रित गोवंशों का झुंड आकर उनकी फसलों को नष्ट कर देते हैं। जिससे ग्रामीणों में गोवंश से हो रहे नुकसान से भय का माहौल व्याप्त है। लोग रात रात भर जाग कर अपनी फसलें बचाते हैं लेकिन तब भी सफल नहीं हो पाते किसानों की खेती परती हो गई है। जिसमें कोई भी पैदावार नहीं हो पा रही है। जिससे किसानों का आर्थिक ढांचा कमजोर होता जा रहा है एवं भविष्य के लिए एक भयंकर संकट उत्पन्न हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि किसानों द्वारा निराश्रित गोवंश की समस्या को लेकर कई बार उपजिलाधिकारी सहित स्थानीय अधिकारियों को जानकारी दी गई। लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया स्थिति वैसे ही बनी हुई है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसान अपने स्तर से कार्रवाई करने को विवश होंगे। इस अवसर पर पूर्व बीडीसी आदित्य त्रिपाठी, भूपेंद्र सिंह, आकाश सिंह, मल्लू सिंह, विवेक सिंह, कमलेश रावत, देवेंद्र यादव, जगमोहन, दिनेश कुमार, विश्राम, रामगोपाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड बनाये जाने एवं कोविड.19 टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

सीतापुर। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड बनाये जाने एवं कोविड.19 टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि लक्ष्य के अनुरूप गोल्डेन कार्ड जारी कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी इसमें लापरवाही करेगा उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि कामन सर्विस सेंटर के माध्यम से तैनात वीएलई निर्धारित समय पर पहुंचे। मोबिलाईजेशन के लिये उत्तरदायी सभी विभागों के अधिकारी कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा भी करें। जिलाधिकारी ने यह निर्देश भी दिये कि कार्ड जारी करने के लिये पहले से ही स्थलों का चयन करते हुये कार्ययोजना बना ली जाये एवं सभी संबंधित को उसके विषय में अवगत करा दिया जाये। उन्होंने अगले सप्ताह की कार्ययोजना भी तलब की। जिलाधिकारी ने कहा कि लाभार्थियों की सूची मोबिलाईजेशन के कार्य में लगे अन्य सभी विभागों को भी उपलब्धा करा दी जाये। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि लक्ष्यों को समय से पूर्ण करने के लिये यह सुनिश्चित किया जाये कि किसी भी विकास खण्ड में छरू से कम साईट न संचालित हों तथा बड़े गांवों एवं अधिक मोबिलाईजेशन वाले स्थलों पर दो साईटें भी संचालित की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी कार्यों को गम्भीरता से लें तथा फील्ड लेवल कार्यकर्ताओं जैसे आशा को उचित मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश भी दें। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी विकास खण्डों में तैनात किये गये नोडल डाक्टर प्रतिदिन कम से कम दो गांवों का भ्रमण अवश्य करें तथा निगरानी समितियों के सहयोग से व्यापक जन.जागरूकता अवश्य प्रसारित करें। उन्होंने कहा कि ग्रामवार लाभार्थियों की सूची भी सभी संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध करा दी जाये। कोविड.19 टीकाकरण की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण के लिये प्रेरित टीकाकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि जिन लोगों का दूसरा डोज लगाया जाना है उन्हें सूचित कराते हुये तत्काल दूसरा डोज लगाया जाये तथा इसके लिये कोविड टीकाकरण केन्द्र पर विशेष प्रबंध भी सुनिश्चित किये जाये। द्वितीय डोज लगाये जाने की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने सुधार के निर्देश भी दिये। उन्होंने कड़े निर्देश दिये कि कोविड.19 टीकाकरण केन्द्रों एवं कोविड.19 वैक्सीन ट्रांसपोर्टेशन में एसओपी का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। उन्होंने डाटा फीडिंग के कार्यों को समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश भी दिये। विभागवार दूसरा डोज न लगवानें वालों की सूची भी तलब की। जिलाधिकारी ने हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद, महमूदाबाद, महोली, मिश्रिख आदि में स्थापित कराये जा रहे आक्सीजन प्लांट स्थापना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की। जिलाधिकारी ने ऑक्सीजन प्लांट स्थापना के कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किये जाने के निर्देश सम्बंधित अधिकरियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी स्थापित किये जा चुके ऑक्सीजन प्लांट सक्रिय रहे एवं साप्तहिक आधार पर उनके संचालन का नियमित परीक्षण अवश्य किया जाय। उन्होंने आक्सीन प्लांट संचालन हेतु उचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिये। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 मधु गैरोला, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पीके सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार, डीसी मनरेगा सुशील कुमार श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

वृद्धाश्रम अल्लीपुर में दादी बाबा के बीच हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

हरदोई।सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान द्वारा संचालित एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रायोजित वृद्धाश्रम, अल्लीपुर,हरदोई में रहने वाले दादी और बाबा ने हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। वृद्धाश्रम में रहने वाली प्रीति,कटोरी,पनकोरा, बिलासो,सरोजनी आदि सभी दादी ने वृद्धाश्रम में रहने वाले जसवंत, उजागर,लक्ष्मण,निर्मल आदि बाबा लोगों के हाथ में रक्षा सूत्र–राखी बांधकर रक्षा बंधन का पर्व बनाया।वृद्धाश्रम में रहने वाले सूबेदार बाबा ने बताया कि आज वृद्धाश्रम में आकर पहले तो मेरे आंखों के ऑपरेशन को कराकर दुनिया को देखने का अमूल्य तोहफा हमको दिया था।आज आश्रम में इस रक्षाबंधन पर्व पर अपने हाथ में 23 वर्ष पूर्व देवी आपदा में गुजर गई बहन के बाद आज हाथ पर राखी से भूषित होने से अपने आप को धन्य मानता हूं और आश्रम संचालक डॉ सुशील चंद्र त्रिवेदी जी को हृदय से आशीर्वाद देता हूं। वृद्धाश्रम प्रबंधक पारुल गुप्ता ने सभी का तिलक लगाकर रोली अक्षत से पूजन उपरांत तक राखी बांधी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि वृद्धाश्रम में यह पर्व सामाजिक समानता व समरसता सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है क्योंकि रक्षाबंधन में सभी आश्रम संवासी सभी प्रकार के भेदभाव से ऊपर उठकर एक दूसरे के हाथों में रक्षा सूत्र बांधकर जीवन पर्यंत रक्षा करने का वचन दिया। संस्थान निदेशक डा शीर्षेन्दु शील विपिन ने कहा कि अपने इस आश्रम में सभी परिवार की भावना से रहते हैं। और सभी पर्व त्योहारों को अपने परिवार की तरह हर्षोल्लास के साथ मनाकर ईश्वर को धन्यवाद देते हैं। इस अवसर पर मेघा,पूजा,सीता ,नैतिक, संजीव आदि समस्त कार्यकर्ता एवं 112 बाबा और दादी कार्यक्रम मे सहभागिता की।

विश्व हिंदू परिषद ने हरपालपुर पुलिस पर शिकायत नहीं संज्ञान में लेने पर जताई नाराजगी

हरदोई। स्थानीय कस्बे में स्थित विश्व हिंदू परिषद के विभाग सह मंत्री विवेक सिंह ने सीएचसी रोड पर स्थित विश्व हिंदू परिषद कार्यालय पर पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि हरपालपुर पुलिस विहिप द्वारा की जा रही शिकायतों पर संज्ञान में लेकर मनमानी से काम कर रही है अभी तक की गई शिकायतों का कोई भी निवारण नहीं किया है जिससे विहिप के कार्यकर्ताओं में असंतोष व्याप्त है। विवेक सिंह ने बताया कि हरपालपुर कस्बे में अवैध रूप से होने वाली मांस की बिक्री, क्षेत्र में वृहद स्तर पर हो रहे लव जिहाद व धर्मांतरण के मुद्दों पर पुलिस प्रशासन को लिखित रूप से कई बार अवगत कराया गया है। हरपालपुर पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। जिला व प्रांत के पदाधिकारियों के द्वारा पुलिस कप्तान हरदोई को भी कस्बे में चल रही मीट की दुकानों के बारे में जानकारी दी गई थी। लेकिन हरपालपुर पुलिस के द्वारा ढीला रवैया अपनाते हुए अवैध मीट की बिक्री करने वालों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।पवित्र श्रावण मास में भी हरपालपुर पुलिस की मिलीभगत से अवैध मीट की दुकानें बेखौफ होकर संचालक दुकानों को संचालित करते रहे।वही कटियारी क्षेत्र में लव जिहाद व धर्मांतरण की घटनाएं जोर पकड़ रही हैं।

विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि कस्बे में संचालित हो रही अवैध मीट की दुकानों को यदि 31 अगस्त तक बंद नहीं कराया गया तो बजरंग दल के इन सभी के विरोध में धरना प्रदर्शन कर अपने स्तर से रोकने का प्रयास करेगा। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष राजीव सिंह चौहान,उपाध्यक्ष अनुज कुमार सैनी,सूरज शर्मा, बजरंग दल संयोजक शुभम शुक्ला,प्रचार प्रसार प्रमुख आनंद मिश्रा, प्रखंड मंत्री गौरव मिश्रा, सूरज शर्मा आदि मौजूद रहे।

132 शिकायतों में सात शिकायतों का हुआ मौके पर निस्तारण

सिधौली (सीतापुर)। तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में में संपन्न हुआ। कुल 132 शिकायत दर्ज हुई। जिनमें सात शिकायतों का अधिकारियों ने मौके पर निस्तारण कर दिया। उपजिलाधिकारी संतोष कुमार राय की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। जिलाधिकारी के आगमन को लेकर सभी विभाग कर्मचारी सतर्क है लेकिन जनपद मुख्यालय पर उपमुख्यमंत्री के कार्यक्रम के चलते समाधान दिवस में सिधौली में जिलाधिकारी का आगमन नहीं हो सका। इसके चलते उपजिलाधिकारी संतोष कुमार राय की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। राजस्व विभाग की 52, पुलिस विभाग के 23, विकास विभाग की 36, समाज कल्याण विभाग की 3 शिकायत विवाह की दो वन्य विभाग की 16 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें अधिकारियों द्वारा राजस्व बिभाग की सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

एनटीआर केबिल कट जाने से बीएसएनएल का नेटवर्क ध्वस्त

सिधौली (सीतापुर)। खैराबाद में दूरसंचार विभाग का एनटीआर केबिल कट जाने से . भारत संचार निगम द्वारा संचालित बीएसएनएल का नेटवर्क सिधौली सहित कई इलाकों का पूरी तरह से बन्द हो गया। पूरा दिन सरकारी बैंकों डाकखाने आदि में उपभोक्ताओं को काफी परेशानियां उठानी पड़ी। इंटरनेट व मोबाइल नेटवर्क बाधित होने के चलते लोग जा परेशान रहे। सुबह से ही बीएसएनएल का मोबाइल नेटवर्क सहित इंटरनेट नेटवर्क चला गया। जिसके चलते सरकारी बैंक डाकखानों सहित ब्रैड बेंड सेवा भी बन्द हो गयी। जो शाम तक भी सही नहीं हो पाई थीं। जो लोग बीएसएनएल की सेवा ले रहे थे। उन उपभोक्ताओं ने जब इसकी जानकारी सिधौली स्थित दूर संचार निगम कार्यालय जाकर की तो बताया गया कि खैराबाद के निकट एनटीआर केबिल कट गया है। जिससे यह समस्या रही है। वहीं उपभोक्ताओं को समस्या समाधान की कोई भी सही स्थित के बारे जानकारी नहीं दे पाये। जिसके चलते उपभोक्ताओं में काफी रोष व्याप्त है। इस सम्बंध में जब विभाग के एसडीओ सुरेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया एनटीआर केबिल कट जाने से सिधौली सहित खैराबाद व विसवां में भी नेटवर्क की समस्या आयी है।

हरदोई पुलिस ने दुर्दांत लुटेरों को मुठभेड़ में घायल कर किया गिरफ्त में

महज 30 घंटे में ही किया वारा न्यारा,एसपी ने टीम को 25000 रुपए देने की,की घोषणा

हरदोई । पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के निर्देशन और सीओ सिटी विकास जायसवाल के की गठित संयुक्त टीमों ने आखिरकार 30 घंटे के अंदर ही शातिर लुटेरों को मुठभेड़ के बाद घायल कर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की तीनों घायल शातिर लुटेरों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस अधीक्षक ने टीम के इतनी जल्दी अनावरण करने से प्रशंसा करते हुए घ25000 पुरस्कार देने की घोषणा की है।

पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि विगत 21 अगस्त की दोपहर नागेता रोड स्थित दाल विक्रेता संजय गुप्ता के यहां इन शातिर चोरों ने तमंचे के बल पर मुनीम को बांधकर लूटपाट कर चले गए थे सीसीटीवी में इनके आने और जाने का फुटेज प्राप्त हुआ जिसके आधार पर 7 दिन इस ग्रुप से ट्रेस करने की भी अपील की गई अनावरण हेतु 5 टीमों का गठन किया गया टीमों ने दिन रात मेहनत कर घटना का अनावरण किया।

तीनों बदमाश पुलिस की गोली से पैरों में गंभीर रूप गोलियाँ लगीं तब गिरफ्तार हो सके।

ये बदमाश कुख्यात कट्टा गैंग से संबंधित हैं।

बदमाशों के नाम विपिन उर्फ लम्बू, दीपांशु उर्फ छुट्टा, और शादाब उर्फ काला ज्ञात हुआ है।ये बदमाश हरदोई के ही थाना सुरसा क्षेत्र के रहने वाले हैं। ये बड़े ही मनबढ़, शातिर और दुर्दांत बदमाश हैं,जिन्होंने गन्ने के खेत में भागते समय सीधे पुलिस पर गोलियाँ चलाईं। परन्तु पुलिस टीमों की फायरिंग के आगे इनकी चल न सकी और ये घायल होकर गिर गए। लुटेरा बदमाशों के कब्जे से तीन (03) कट्टे धतमंचे,भारी मात्रा में कारतूस, लूट में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, और लूटे गए ध 54,000ध– नकध्द बरामद हुए हैं। तेज तर्रार टीम को ध 25,000ध का ईनाम देने की घोषणा की है, इस टीम ने अपनी जान जोखिम में डालकर बड़ा गुडवर्क किया है।

मिथिलेश पांडे मिशन मोदी अगेन पीएम के मनोनीत किए गए कोषाध्यक्ष

हरदोई।मिशन मोदीअगेन पीएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकबंधु रामगोपाल काका ने राष्ट्रीय कोर कमेटी की सहमति से संघ के वरिष्ठ प्रचारक रहे डॉ मिथिलेश पांडेय को मिशन का राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मनोनीत किया है। इसके पूर्व डॉ पांडेय राष्ट्रीय व्यवस्था प्रमुख के पद पर कार्य देख रहे थे। डॉ पांडेय के मनोनयन पर मिशन के प्रदेश अध्यक्ष गण,प्रान्त पदाधिकारियो,राष्ट्रीय नेतृत्व ने शुभकामनायें देकर बधाई दी है। उप्र के अवध प्रान्त महामंत्री अविनाश मिश्र ने भी डॉ पांडेय का स्वागत करते हुए बधाई देते हुए कहा है कि पांडेय जी निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ता हैं।उनके प्रयास से संगठन को बहुत मजबूती मिलेगी। श्री मिश्र ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

अध्यक्ष के चयन को लेकर आक्रोश

जौनपुर । मड़ियाहूं कस्बे में श्री रामलीला समिति अध्यक्ष के चयन को लेकर नगारिकों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में एक बैठक पूर्व अध्यक्ष श्री रामलीला समिति के छोटे लाल जायसवाल के नेतृत्व हुई जिसमें लोगों ने अध्यक्ष पद को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि बिना सर्व सम्मत बैठक के ही मनमाने तरीके से अध्यक्ष पद का चुनाव किया गया है जो कि पूर्ण रूप से गलत है। बिना बैठक बुलाए ही अध्यक्ष पद का चुनाव किया गया। जबकि गत दिनों बैठक में निर्णय लिया गया था कि सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद का चुनाव होगा। परंतु बिना बैठक बुलाये ही मनमाने तरीके से अध्यक्ष पद का चयन किया जाना उचित नहीं है। इस बैठक में मुख्य रूप से छोटे लाल जायसवाल पूर्व अध्यक्ष रामलीला समिति, पंकज केसरी, विजय जायसवाल बच्चा, विकास सेठ, बसंत लाल सेठ, जितेंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अपना दल संस्थापक के मौत की हो सीबीआई जांच

जौनपुर। जिला मुख्यालय पर अपना दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया । इस दौरान जिलाध्यक्ष सुनील पटेल ने कहा कि अपना दल के संस्थापक डॉक्टर सोने लाल पटेल के ऊपर 1999 में किए गए प्राण घातक हमले को लेकर प्रथम क्रांति दिवस पर प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहत जिला मुख्यालय पर ज्ञापन सौपा गया और मांग किया गया कि डॉक्टर पटेल की विगत 17 अक्टूबर 2009 को हुई हत्या की सीबीआई जांच कराने व हत्या से पूर्व 1999 इलाहाबाद के पीडी टन्डन पार्क में प्राण घातक हमले की भी जांच कराया जाय तथा वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पटेल को उच्च स्तरीय सुरक्षा प्रदान किय जाय।

कहा कि सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों की संलिप्तता के कारण डॉ पटेल के ऊपर किए गए प्राण घातक हमले एवं हत्या की जांच निष्पक्ष तरीके से नहीं हो सकी इस लिए हम संपूर्ण मामलों की सीबीआई जांच कराने की मांग करते हैं । आज जब उनके नाम पर राजनीति करके बहुतेरे लोग केंद्र व राज्य सरकारों में बैठे हैं उनके नाम का प्रयोग करके राजनीति कर रहे हैं । अनिल पटेल, दीना नाथ सरोज,अरविन्द कुमार पटेल,राम सिंगार पटेल, चित बाहल पटेल,श्यामधारी पटेल भीम सरोज,मिठाई लाल,अमर बहादुर चौहान आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी प्रकाशन एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतीनगर निकट हीरो एजेन्सी, मधुकरपुर,जिला–सिद्धार्थनगर–272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
आर.एन.आई. नं०– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व0 श्री के.सी. शर्मा | प्रधान सम्पादकः– राजेश शर्मा
8795951917, 9453824459
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय ही मान्य होगा
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

वजन घटाने के लिए लाइफस्टाइल में करें ये बदलाव, रहेंगे हेल्दी और फिट

बिजी लाइफस्टाइल और अनियमित खानपान की वजह से ज्यादातर लोग बढ़ते वजन की समस्या से परेशान है. हर कोई बढ़े हुए वजन को कम करने के लिए अपने स्तर पर प्रयास कर रहा है. कई लोग सख्त डाइट करते हैं. कुछ जिम में घंटों वर्कआउट करते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं लाइफस्टाइल में बदलाव कर बढ़े हुए वजन को कम कर सकते हैं. जी, हां बढ़े हुए वजन को कम करने के लिए आप अपनी लाइस्टाइल में करें ये बदलाव. इन बदलावों को करने से आपके पेट में जमा चर्बी तेजी से कम होगी. आइए जानते हैं इन टिप्स और ट्रिक्स के बारे में.

गर्म पानी पिएं

अगर आपका मेटाबॉलिज्म रात के समय में धीमा हो जाता है तो सुबह के समय में सही शुरुआत करें. इसके लिए आप सुबह में एक से दो गिलास गर्म पानी पिएं. गर्म पानी आपके पाचन के साथ टॉक्सिक पदार्थ को बाहर निकालने में मदद करता है. दरअसल गर्म पानी शरीर के फैट सेल्स को बर्न करने में मदद करता है. इसके साथ पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में मदद करता है. इसके अलावा भूख को भी शांत रखता है. खाना खाने से 30 मिनट पहले गर्म पानी पिएं ताकि कैलोरी इनटेक को नियंत्रित करता है.

सुबह धूप लें

एक स्टडी के अनुसार, सूरज की किरणे वजन घटाने में मदद करती हैं. ये स्टडी साइटफिक रिपोर्ट नाम के जर्नल में छपी थी. इस स्टडी के मुताबिक धूप लेने से शरीर में विटामिन डी की मात्रा बढ़ती है, विटामिन डी हड्डियों मजबूत करने के लिए मदद करता है.

नियमित रूप से वर्कआउट करें

हर रोज सुबह उठकर 20 से 25 मिनट के लिए वर्कआउट करें. इससे सिर्फ आपका मेटाबॉलिज्म बूस्ट नहीं होगा. बल्कि आपके दिन की शुरुआत भी अच्छी होगा. बेहतर मेटाबॉलिज्म वजन घटाने में तेजी से मदद करता है.

पौष्टिक आहारा खाएं

केवल नियमित रूप से वर्कआउट करना, बल्कि वजन कम करने के लिए सही खाना बहुत जरूरी है. सीडीसी (रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र) के अनुसार, नियमित रूप से खाना वजन घटाने में मदद करता है. आप आपनी डाइट में हरी सब्जियां और फल शामिल करें. आप डाइट में फाइबर, मिनरल्स, विटामिन्स और प्रोटीन की भरपूर मात्रा होनी चाहिए.

ठंडे पानी से नहाएं

ठंडे पानी से नहाना भले ही हर समय अच्छा नहीं लगें. लेकिन कुछ स्टडी में कहा गया है कि इससे शरीर में फ्रोजन एडीपोज टिशू एक्टिवेट होते हैं जिसकी वजह से व्हाइट फैटी टिशू बर्न होते है. कई स्टडी में दावा किया गया कि सुबह के समय में ठंडे पानी से नहाने से शरीर का फैट बर्न होता है और मेटाबॉलिज्म रेट बढ़ता है.

मेरा काम है, मैं अपनी पूरी क्षमता के साथ भूमिकाएं निभाऊं: हुमा कुरैशी

हुमा कुरैशी ने वेब–सीरीज महारानी में अपने दमदार अभिनय से सभी को चौंका दिया और बेल बॉटम में अपनी भूमिका से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अभिनेत्री माध्यम के बारे में ज्यादा नहीं

सोचती है, क्योंकि वह □ढ़ता से अपना काम करने में विश्वास करती है। बड़े पर्दे और डिजिटल स्पेस दोनों पर सफलता का स्वाद चखने के बाद, हुमा ने कहारू मेरे लिए कोई पहला प्यार नहीं है। कहानी महत्वपूर्ण है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कहां से आता है। एक अभिनेत्री के रूप में मेरा काम है पूरी तरह से और अपनी क्षमताओं के अनुसार भूमिकाएं निभाएं। उनकी लेटेस्ट रिलीज बेल बॉटम उनकी अद्भुत फिल्मोग्राफी में एक और थ्रिलर जोड़ी गई है जिसमें कुछ नाम रखने के लिए बदलापुर, गैंग्स ऑफ वासेपुर और डी–डे जैसी ही शैली की फिल्में शामिल हैं। थ्रिलर शैली के लिए एक सॉफ्ट कॉर्नर विकसित करने के बारे में बात करते हुए, हुमा ने कहारू मेरे पास किसी भी शैली के लिए कोई सॉफ्ट स्पॉट कॉर्नर नहीं है। मैं सब कुछ करती हूं, चाहे वह राजनीतिक थ्रिलर हो, जासूसी या रोमांस हो। मुझे लगता है कि यह एक अच्छी कहानी होनी चाहिए।

अक्षय साउथ फिल्म रक्षासुडू की हिन्दी रीमेक में दिखेंगे

अभिनेता अक्षय कुमार की झोली में इस वक्त कई बड़ी फिल्में हैं। हाल में वह अपनी फिल्म बेल बॉटम को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। अक्षय की यह फिल्म 19 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। अब अक्षय के खाते में एक और फिल्म जुड़ गई है। जानकारी सामने आ रही है कि वह साउथ फिल्म रक्षासुडू की हिन्दी रीमेक में अभिनय करते नजर आएंगे। इस संबंध में ऑरिजनल फिल्म के प्रोड्यूसर कोनेरू सत्यनारायण ने पुष्टि की है। रिपोर्ट के मुताबिक, रक्षासुडू के प्रोड्यूसर सत्यनारायण ने अपने बयान में इस बात की पुष्टि की है कि उन्होंने रक्षासुडू की हिन्दी रीमेक के लिए अक्षय को अप्रोच किया है। उन्होंने कहा, अक्षय ने पूजा फिल्म्स को रक्षासुडू की हिन्दी रीमेक के अधिकार देने के लिए हमसे संपर्क किया था। हमने अधिकार दे दिए क्योंकि हमें लगा कि वह इस भूमिका के लिए सही होंगे। चूंकि, हम फिल्म नहीं बना सके इसलिए हमने पूजा फिल्म्स को अधिकार दिए हैं। गौरतलब है कि इस फिल्म की हिन्दी रीमेक को सत्यनारायण ही बनाने वाले थे, लेकिन कोरोना महामारी ने सारी योजनाओं पर पानी फेर दिया। बताया जा रहा है कि निर्देशक रमेश वर्मा इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। एक महीने पहले ऐसी खबरें आई थीं कि अक्षय साउथ फिल्म रक्षासुडू की हिन्दी रीमेक में अभिनय करते नजर आएंगे। हालांकि, इस संबंध में अभी भी आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। रक्षासुडू 2019 में रिलीज हुई थी, जिसे रमेश वर्मा ने निर्देशित किया था। इस फिल्म में बेलमकोंडा श्रीनिवास मुख्य भूमिका में नजर आए थे। उनके अलावा इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में अभिनेत्री अम्मू अभिरामी भी नजर आई थीं। इस फिल्म की कहानी एक अरुण नामक पुलिस सब–इंस्पेक्टर के इर्दगिर्द घूमती है। वह फिल्म में एक शैतान सीरियल किलर का पीछा करता है। यह सीरियल किलर टीनेज गर्ल्स को अपना निशाना बनाता है। अक्षय इस साल फिल्म सूर्यवंशी में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के निर्देशक रोहित शेट्टी हैं, जिसमें अक्षय कैटरीना कैफ के साथ दिखेंगे। वह आने वाले दिनों में फिल्म बच्चन पांडे में दिखने वाले हैं। इस फिल्म में अक्षय के साथ कृति सेनन नजर आएंगी। इसके अलावा अक्षय को फिल्म अतरंगी रे में देखा जाएगा। फिल्म में उनके साथ सारा अली खान दिखाई देंगी। वह पृथ्वीराज और रक्षाबंधन जैसी फिल्मों में भी दिखने वाले हैं।

स्कैम 1992 फेम प्रतीक गांधी की फिल्म रावण लीला 1 अक्टूबर को होगी रिलीज

वेब सीरीज स्कैम 1992 – द हर्षद मेहता स्टोरी के जरिए लोकप्रियता हासिल करने वाले अभिनेता प्रतीक गांधी ने मंगलवार को घोषणा की कि बतौर मुख्य अदाकार उनकी पहली हिंदी फीचर फिल्म रावण लीला (भवई) एक अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म गुजरात की लोकप्रिय लोक नाट्य कला भवई की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन हार्दिक गज्जर कर रहे हैं जबकि इसकी पटकथा श्रेयस अनिल लोलेकर ने लिखी है। गुजराती रंगमंच की दुनिया में चर्चित कलाकार प्रतीक ने सोशल मीडिया ऐप्प इंस्टाग्राम पर फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की। प्रतीक ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुएलिखा, " रावण लीला (भवई) एक अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।"41 वर्षीय अभिनेता फिल्म में रावण की भूमिका में दिखाई देंगे। प्रतीक इससे पहले हिंदी फिल्म लवयात्री और मित्रों के अलावा बे यार तथा राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता रॉन्ग साइड राजू जैसी गुजराती फिल्मों में भी अभिनय कर चुके हैं।

टॉम क्रूज ने आशा भोंसले के रेस्तरां में खाया चिकन टिक्का मसाला, सिंगर ने जताई खुशी

महान गायिका आशा भोंसले ने सोमवार को कहा कि वह इंग्लैंड के बर्मिंघम में स्थित अपने रेस्तरां में हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज को देखकर काफी खुश हैं। 87 वर्षीय दिग्गज गायिका ने सोशल मीडिया ऐप इंस्टाग्राम पर 'मिशन रू इम्पॉसिबल' स्टार टॉम क्रूज की एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह बर्मिंघम के आशा रेस्तरां के बाहर दिखाई दे रहे हैं। आशा भोंसले ने इंस्टाग्राम पर अपने पोस्ट में लिखा, ''मुझे यह सुनकर बहुत खुशी हुई कि श्रीमान टॉम क्रूज ने आशा रेस्तरां में अपने भोजन का आनंद लिया और मैं आशा करती हूं कि वह जल्द ही फिर से आएंगे।'' एक समाचार वेबसाइट के मुताबिक 59 वर्षीय अभिनेता ने रेस्तरां में भारतीय व्यंजन का आनंद लिया और चिकन टिक्का मसाला का लुत्फ उठाया। टॉम क्रूज इस समय अपनी आगामी फिल्म 'मिशन रू इम्पॉसिबल 7'की शूटिंग बर्मिंघम में कर रहे हैं।

ज्वैलरी पहनते समय भूल से भी न करें ये गलतियां, बिगड़ सकता है लुक

स्टाइलिश दिखने के लिए सिर्फ फैशनेबल कपड़े पहनना ही काफी नहीं बल्कि उनके साथ सही ढंग से ज्वैलरी पहनना भी जरूरी है। आमतौर पर यह देखने में आता है कि कुछ महिलाएं अपने आउटफिट के साथ ज्वैलरी पहन तो लेती हैं, लेकिन फिर भी उन्हें मनचाह लुक नहीं मिलता। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो इसके पीछे कारण ज्वैलरी पहनते समय की जाने वाली आपकी कुछ गलतियां हो सकती हैं। आइए ऐसी कुछ गलतियों के बारे में जानें। हर दिन एक ही ज्वैलरी पहननाः ज्यादातर महिलाएं इस गलती को दोहराती हैं। दरअसल, हमें कोई ईयररिंग या पेंडेंट इतना अच्छा लगता है कि हम उसे हर रोज पहनना पसंद करते हैं। वैसे हर दिन एक ही ज्वैलरी पहनना गलत नहीं है क्योंकि इससे आपका लुक बोरिंग लगने लगता है और उसमें कोई नयापन नहीं आता। वहीं, हर दिन एक तरह की ज्वैलरी पहनने से वह धीरे–धीरे फेड नजर आने लगती है, जिससे आपका लुक भी डल नजर आता है, इसलिए हमेशा बदलकर ज्वैलरी पहनें। फैशन ज्वैलरी का चयन सोच–समझकर न करनाः हम जानते हैं कि किसी भी आउटफिट की स्टाइलिंग में फैशन ज्वैलरी एक अहम भूमिका अदा करती हैं। हालांकि, इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि आप हैवी ज्वैलरी कैरी करें। खासकर, ऑफिस आउटफिट के साथ क्योंकि इसकी वजह से आपका पूरा ऑफिस लुक खराब हो सकता है। बेहतर होगा कि आप अपने किसी भी ऑफिस आउटफिट के साथ फैशन ज्वैलरी के तौर पर एक घड़ी, कानों में छोटे–छोटे स्टड्स और गले में एक पतली चौन पहनें। अधिक ज्वैलरी पहनना भी है गलतः अगर महिलाएं चाहती हैं कि वह अपने हर लुक में खूबसूरत लगे तो उन्हें इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि वे अधिक ज्वैलरी एक साथ न पहनें। उदाहरण के लिए, अगर वे हैवी नेकपीस पहन रही हैं या फिर नेकपीस की लेयरिंग कर रही हैं तो उसके साथ वे स्मॉल ईयररिंग्स ही पहनें। इसी तरह मांगटीका पहनने के साथ वे ईयररिंग्स पहन सकती हैं और नेकपीस को छोड़ दें। गलत रंग की ज्वैलरी का चयनः जब भी आप अपने किसी आउटफिट के साथ ज्वैलरी पहनें तो आपको यह भी जरूर ध्यान रखना चाहिए कि वह आपके आउटफिट के साथ मैच करें। अगर आपकी ज्वैलरी आपके आउटफिट के साथ मेल नहीं खाएगी तो इससे भी आपका लुक गड़बड़ा सकता है। उदाहरण के लिए अगर आप व्हाइट कुर्ता पहन रही हैं तो उसके साथ पर्ल ईयररिंग्स पहनने से बचें। इसमें आपका लुक बेहद अटपटा लगेगा।